खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24° C
न्यूनतम : 11° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 12 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 27 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




# योगी सरकार ने खोला वादों का पिटारा

## उप्र बजट 2026 ▶ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट किया पेश

- निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस, 10 लाख नौकरी संभावित
- लड़कियों की शादी के लिए मिलेंगे अब एक लाख रुपये, युवाओं को साधने की कोशिश, महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे
- कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाएगी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार, युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।



पीपीपी मोड में कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है। एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश में डिजिटल -**शेष पृष्ठ दो पर**

### पहली बार किसी सीएम को 10वां बजट पेश करने का मौका मिला: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में उत्तर प्रदेश पर राय बदली है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। 9 साल में एक भी टैक्स नहीं लगा। नौ वर्ष में तीन गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान। दो लाख करोड़ की धनराशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए है। सीएम योगी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई एक सरकार का 10वीं बार बजट प्रस्तुत हो रहा है। नौ वर्ष में कोई भी टैक्स नहीं लगाया गया है।

### हर जिले में होगा मॉडल स्कूल

**लखनऊ।** बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। सबसे अहम प्रावधान कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए है। नि:शुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की योजना के लिए 650 करोड़ रुपये प्रस्तुत किए गए हैं। उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और उन्नत शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा।

### बजट सत्र के दूसरे चरण में होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया, जिसके बाद अब स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में खामियां सामने आई है, जिसके संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को विपक्ष द्वारा प्रस्तुत दोषपूर्ण नोटिस को खारिज होने से बचाने के लिए उसमें संशोधन करने का निर्देश दिया।

## भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को मिली और राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमेरिका ने फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए
- दाल व 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं

**वाशिंगटन/ नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है।

पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा।

## देहरादून में शूटआउट, स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी को भूना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिनदहाड़े देहरादून शहर के बीचो-बीच हुई हत्या के बाद पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल

**देहरादून।** देवभूमि की शांत वादियों में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट ने राजधानी को दहला दिया है।

डालनवाला जैसे पॉश इलाके में स्थित तिब्बती मार्केट के पास दिनदहाड़े बुधवार सुबह स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि पुलिस के सघन चेकिंग के दावों की भी हवा निकाल दी है। इंदिरा नगर निवासी अर्जुन शर्मा अमरदीप गैस एजेंसी, जीएमएस रोड का मालिक है और अपने कारोबार के चलते बुधवार को सवेरे वह जब तिब्बती मार्केट के समीप थे, तभी घात लगाए बैठे दो स्कूटी सवार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

- नए दिशानिर्देश जारी, सभी छह पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा।

इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है।

## हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में आज एंटी करप्शन प्रयागराज की टीम ने बिजली विभाग के एसडीओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। खुल्दाबाद के रहने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने नौ फरवरी को एंटी करप्शन से की शिकायत थी। शिकायत में कहा गया था कि अराजपत्रित लोकस. वक विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता से विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुर्माने से बचाने के एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहे है शिकायत पर प्रयागराज की एंटी करप्शन यूनिट ने आज इंस्पेक्टर अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम के साथ खुसरोबाग स्थित कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में शिकायतकर्ता के साथ पहुंचकर एसडीओ को ट्रैप किया।

### इलेक्ट्रिकल वाहनों की खुदरा बिक्री में तेज वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री में जनवरी में सभी श्रेणियों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। वाहन डिलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 54.75 प्रतिशत बढ़कर 18,470 पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 8,007 इकाइयों के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स शीर्ष पर रही। उसकी बिक्री 50.71 प्रतिशत बढ़ी। दूसरे स्थान पर 4,703 वाहनों के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और तीसरे स्थान पर 3,668 इकाई के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा रही।

## बजट में तकनीक, रोजगार और नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता

# टेक युवा- समर्थ युवा योजना लागू होगी: खन्ना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, कौशल संवर्धन व जॉब प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किए जाएंगे

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उप्र में 'टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की जाएगी।

प्रदेश में स्टेट डाटा अथॉरिटी तथा डाटा सेंटर क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एआई मिशन की स्थापना और 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामा. जिक क्षेत्र में सभी वर्गों के लिए योजनाओं के साथ-साथ त्वरित और भविष्योन्मुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और युवाओं की ऊर्जा व मेधा विकास की आधारशिला है।

महिला सशक्तीकरण के तहत मुख्यमंत्री मातृ सुरक्षा संकल्प योजना को और सघनता से संचालित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना' पर कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में डीजल आधारित नलकूपों को सौर ऊर्जा आधारित बनाने, कृषि वितरण एवं निर्यात को बढ़ावा देने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना' लागू करने की घोषणा की गई। रोजगार पर विशेष जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के लिए पृथक केंद्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आई है। पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। 'अभ्युदय' केंद्रों में छात्रों को मुफ्त कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि उप्र स्टार्टअप रैंकिंग में नंबर-1 बना है।

### बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: राज्यपाल

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

## परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा बजट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में परिवहन विभाग को मिली प्राथमिकता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रावधान उप्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों के बेड़े को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से ई-बसों की खरीद की जाएगी। इससे एक ओर जहां यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों के निर्माण और उन्नयन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन बस अड्डों पर डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रतीक्षालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा विजन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता अभियान और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही बस अड्डों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह कदम हरित परिवहन नीति को मजबूती देगा और प्रदेश को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए।

## कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट: कपिलदेव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उप्र 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1-90 लाख सीटें उपलब्ध हैं।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचा. लित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं।

## भाजपा की विदाई का बजट: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वालों ने जब भी मुंह खोला, बुरा ही बोला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे 'विदाई बजट' करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

सपा के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उप्र को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती। अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार, निवेश के दावों, स्वास्थ्य सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में लगभग 57 प्रतिशत, स्वास्थ्य में 58 प्रतिशत और बेसिक शिक्षा में करीब 62 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। जब पिछली योजनाओं की आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं हो सका, तो नए और बड़े बजट की घोषणाओं से आम जनता को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा।

## भाजपा ने राहुल गांधी के आचरण पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए संसदीय मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद लोकतत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन हालिया घटनाओं ने संसदीय परंपराओं को आघात पहुंचाया है। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने अपने व्यवहार, भाषा और शैली से राजनीति तथा संसदीय गरिमा को निम्न स्तर तक ले जाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी 'कुंठाग्रस्त शैली' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार अनर्गल और झूठे आरोप लगाए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि संसद में भाषा की एक मर्यादा होती है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उसी के अनुरूप आचरण करें। उनके अनुसार विपक्षी दलों का व्यवहार ऐसा रहा है मानो उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा हो।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84233.64
निफ्टी 25953.85



सोना रु. 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 258000
प्रति किलो



## शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आईटी कंपनियों में बिकवाली के दबाव में बीएसई का संसेक्स शुरुआती तेजी के बाद 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया, जो 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। संसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इटरनल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के करीब चढ़ा। मारुति सुजुकी और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

## चांदी और सोना दोनों धातुओं की कीमत और गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.59 लाख रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1.56 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों एवं दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्धवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विद. ेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिगिट टूटकर 4,060 रिगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में लगभग टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### ओमान ने भारतीय निवेशकों को नए एल्युमिनियम जोन में निवेश का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** ओमान अपने प्लास्टिक क्लस्टर की सफलता को दोहराने की कोशिश के तहत भारतीय निवेशकों को नई योजना वाले एल्युमीनियम प्रोसेसिग जोन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इससे यह पहल तेजी से बढ़ रही भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी के तहत आएगी। लादायन कार्यक्रम के प्रमुख मुंधर अल-रवाहि ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ओमान एल्युमिनियम क्षेत्र के इर्द-गिर्द 'एक संपूर्ण इकोसिस्टम' विकसित करना चाहता है। उनका कहना है कि यह नया औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल के निर्यात के बजाय मूल्य वर्धित प्रसंस्करण और विनिर्माण पर केंद्रित होगा।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी सरकार...**

इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया। अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**देहरादून में...**

हमलावरों ने उन पर फायर झोंक दिया। तिब्बती मार्केट के पास हुई इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस विभाग को मिली, तो विभाग में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी सहित डालनवाला कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े लहूलुहान हालत में उन्हें तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना के बाद राजधानी के सभी इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि इस हत्याकांड का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वही इस हत्याकांड को परिवार की रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है।

### राज्यसभा में पश्चिमी उप्र में एम्स बनाने की मांग उठी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी उप्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मेरठ में एम्स की स्थापना की मांग बुधवार को राज्यसभा में उठी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेई ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उप्र के 21 प्रतिशत मरीज दिल्ली एम्स में उपचार के लिए आ रहे हैं और इनकी संख्या में 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरकारी अस्पताल में एम्स के लिए 52 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां एम्स की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि एम्स की स्थापना संभव न हो, तो मेरठ में पीजीआई संस्थान या एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने उप्र सहित देश भर में आवारा कुत्तों तथा बंदरों के लोगों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा उठाते हुए बंदरों को वन्यजीव प्राणियों में शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों को वन्यजीव प्राणी घोषित किए जाने से वन्यजीव विभाग को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि उप्र में एक वर्ष में बंदरों और कुत्तों के लोगों पर हमले के 30 हजार मामले सामने आए हैं और यह समस्या एक महामारी के रूप में सामने आ रही है। जनता दल यू के संजय झा ने बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग की।

## मजदूर व किसान संगठनों का भारत बंद आज

### लेबर कोड व अमेरिका के साथ ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ बैंक खुले रहेंगे, लेकिन काम हो सकता है प्रभावित

देश के कई मजदूर और किसान संगठनों ने कल (आज) गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया है। इससे कई राज्यों में सरकारी बैंकों, दफ्तरों, परिवहन सेवाओं और बाजारों पर असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। मजदूर संगठन नए लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं, जबकि किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के ज्वाइंट फोरम ने इस बंद का आह्वान किया है। इसमें इनटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं।

मजदूर संगठन पिछले साल लागू हुए चार लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वर्कर्स के राइट्स कमजोर हुए हैं, जॉब सिक्योरिटी भी आई है और कंपनियों के लिए वर्कर्स को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राइवेटाइजेशन, वेज इश्यू और सोशल सिक्योरिटी में कमी पर भी चिंता जताई है। वे लेबर कोड्स को खत्म करने, ड्राफ्ट सीड बिल, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंड बिल और सस्टेनेबल हारने. सिंग एंड एडवांसमेंट आफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे मनरेगा को बहाल करने और विकसित भारत जी-राम-जी बिल को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बंद के कारण सरकारी बैंकों में कामक. ाज के प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने इस बंद को सपोर्ट करने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन, एआईबीओए और बीईएफआई ने अपने मेंबर्स से इस बंद को सपोर्ट करने को कहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का कहना है कि 12 फरवरी को उसकी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बंद के दौरान कुछ हद तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। आईडीबीआई बैंक को भी बंद के लिए यूनियन्स की तरफ से एक अधिकारिक नोटिस मिला है। बैंकिंग यूनियन इस बंद को सपोर्ट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बैंकों और आरबीआई ने बैंक होलिडे की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि बैंक खुले रहेंगे, लेकिन उनमें कामकाज प्रभावित हो सकता है। ब्रांच सर्विसेज, चेक क्लीयरेंस, डिपॉजिट और विड्रॉल में दिक्कत हो सकती है। ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है। प्राइवेट बैंकों में सामान्य कामकाज होने की उम्मीद है।

# मासूम बच्ची के लिए डायन बनी माँ

**लोगों में रोष, महिला व सहयोगियों पर बच्ची के कत्ल के मुकदमे की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लोगों के दिल इतने बेरहम हो चुके है कि वे दूसरों का दर्द भी नहीं समझ पाते, यह कहते हुए तो कई बार सुना, लेकिन यदि एक मां ही अपने दुग्ध मुंहे बच्चे को जानवरों से नोंचने और खाने के लिए सड़क या जंगल मे फेंक दे यह तो एक बहुत बडा सवाल है, हालांकि नगर में इस तरह के मामले कई बार सामने आ चुके है जहां एक बेरहम मां ने दुग्ध मुंहे बच्चे को सड़क व झाडियों में जानवरों के खाने के लिए फेंक दिया और बुधवार को भी एक ऐसा ही दर्दनाक मामला सामने आया है जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खडे हो गए और कुछ महिलाओं के तो दिल कांप उठे कि एक मां ने अपने बच्चे को सड़क पर फेंक दिया जिससे कुत्तों ने नोंच-नोंच कर खा लिया। आवारा कुत्तों के द्वारा मासूम को खाने की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दे कि पिछले दिनों में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था जहां एक मां ने ही अपने बच्चे को जानवरों के खाने के लिए फेंक दिया था, लेकिन नगर पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर उस मां और उसके आशिक को भी ढूंढ निकालकर जेल की सलाखों में डाल दिया था।

बुधवार को मौहल्ला रामपुरी शाहबुद्दीनपुर रोड पर श्मशान घाट के निकट एक नवजात बच्ची का शव क्षतविक्षत अवस्था में झाडियों के पास पडा मिला। बच्चे की दशा देखकर लोगों के दिल कांप उठे, क्योकि इस नवजात शीशु का करीब आधा शरीर कुत्ते नोंच कर खा चुके थे। यहां पहुंचे शिव सेना मण्डल उपाध्यक्ष गौतम कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और शव को कब्जे में लेकर परिक्षण के लिए भेज दिया। बच्चे की दशा देखकर जहां लोगों में खौफ है तो वहीं ऐसी माता-पिता के प्रति भारी रोष भी देखा गया। यहां मौजूद भीड ने पुलिस से एक बार फिर यहीं मांग रखी कि ऐसी मां को ढूंढकर उसके खिलाफ कडी कार्यवाही कर उसको जेल भेजा जाए। अब पुलिस जन्म देने वाली महिला और इस घटना में शामिल लोगों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। अब सवाल यह है कि पुलिस महिला और उसके सहयोगियों के खिलाफ क्या कार्यवाही करती है फिलहाल लोग यही मांग कर रहे है कि ऐसी महिला और उसके सहयोगियों को बच्ची के कत्ल में जेल भेजा जाए।



# भीषण हादसाः शादी से लौट रहे युवक की मौत, दो गंभीर घायल

## कांवड़ पट्री मार्ग पर हुआ हादसा, कार खम्भे से टकराई

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार देर रात कांवड़ पटरी मार्ग पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे माहौल को मातम में बदल दिया। शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की कार अनियंत्रित होकर रेलवे के लोहे के पुल के पास खंभे से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और एक युवक की मौके पर उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पलड़ा निवासी एवं पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष रिशिपाल भाटी के भतीजे के विवाह समारोह में मेरठ जनपद के थाना दौराला क्षेत्र स्थित ग्राम दादरी से बारात आई थी।

विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बारात में शामिल उत्तम पुत्र सुभाष, कपिल पुत्र ओमपाल और श्यामसुंदर पुत्र रुल सिंह कार से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनकी कार कांवड़ पटरी मार्ग पर रेलवे के लोहे के पुल के समीप पहुंची, चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खतौली भिजवाया गया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान श्यामसुंदर को मृत घोषित कर दिया। वहीं उत्तम और कपिल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेुर कर दिया गया।

बताया गया है कि घायल उत्तम लखनऊ में पुलिस विभाग में तैनात है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई और घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### प्रदूषण विभाग की टीम ने लगाई पांच मैटल ईकाइयों पर सील

**मुजफ्फरनगर।** मानकों का पालन नहीं करने वाली इकाइयों पर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने शिकंजा कसते पांच मैटल इकाइयों पर कार्रवाई करते हुए सील किया। सीलिंग की कार्रवाई से बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में रोलिंग मिल व अन्य लोहा व मेटल गलाने वाली बड़ी इकाइयों के संचालकों में हडकंप मच गया है।


दरअसल केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विगत 30 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर में शामिल औद्योगिक ईकाइयों की मानिटरिंग के आदेश दिए थे, लगातार मिल रही शिकायतों के बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ओसीईएमएस व पीटीजेड कैमरा नहीं लगाने वाली ईकाइयों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सीलिंग के निर्देश दिए थे। बुधवार को नियंत्रण बोर्ड अधिकारी गीतेश चंद्रा के निर्देश पर एई कुंवर संतोष व जेई राजा गुप्ताकी टीम ने बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र को निरीक्षण किया। इस दौरान टीम अधिकारियों को बैट्री स्क्रैप से लैड एंगल निर्माण करने व अन्य धातु गलाने वाली पांच इकाइयों का चिन्हित किया गया, जहां ओसीईएमएस व पीटीजेड कैमरे के बिना इकाई संचालित हो रही थी। इसके अलावा अन्य मानकों को भी पूरा नहीं किया गया। टीम ने मौके पर ही आरके मैटल, एनआर मैटल, प्रिंस मैटल, श्री मेटल व तालिब मैटल इकाइयों को बंद कराते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली ईकाइयों पर तत्काल प्रभाव से सीलिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# योगी सरकार का वित्तीय बजटः किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और गरीब तबके के उत्थान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, तकनीकी नवाचार और रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधान राज्य को नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होंगे।





### बजट किसान और गरीब विरोधीःराकेश टिकैत

उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत एवं प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को उम्मीद थी कि खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर राहत दी जाएगी, लेकिन बजट में उन्हें निराशा हाथ लगी।

प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यदि आय बढ़ी है तो किसानों की आय क्यों घट रही है। उन्होंने कहा कि गन्ना सीजन में तीन वर्षों में मात्र 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि कर सरकार स्वयं को किसान हितैषी बता रही है, जबकि संगठन लंबे समय से गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल से अधिक करने और बकाया भुगतान समय से सुनिश्चित करने की मांग करता रहा है। आवारा पशुओं से फसल क्षति पर भी कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। युवाओं के रोजगार सृजन के दावों को भी उन्होंने 'भविष्य के सब्जबाग' करार देते हुए कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर बजट में कोई स्पष्ट चिंता दिखाई नहीं देती। बड़े अस्पतालों, पीपीपी मॉडल पर विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज खोलने से गरीब और किसान को प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिलेगा।



### कृषि बजट में वृद्धि सराहनीय-धर्मेंद्र मलिक

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं को और मजबूत किया जाना चाहिए, उन्नत बीजों की उपलब्धता बढ़ाई जाए तथा कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली छूट में वृद्धि की जाए।

साथ ही पशुपालन क्षेत्र के लिए बजट में अधिक प्रावधान किया जाना भी आवश्यक है, जिससे किसानों की आय में और वृद्धि हो सके।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों ने उत्पादन के क्षेत्र में इतिहास रचा है और सरकार द्वारा कृषि बजट में बढ़ोतरी कर मुफ्त बिजली योजना को जारी रखना किसानों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय है। इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त किया जाता है।

## बजट 25 करोड़ प्रदेशवासियों के सपनों का रोडमैपः कपिल

**मुजफ्फरनगर।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री व नगर विधायक कपिल देव ने इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 25 करोड़ प्रदेशवासियों के सपनों को साकार करने का एक ठोस रोडमैप है। कपिल देव ने कहा कि 9.12 लाख करोड़ का यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने दौर में प्रदेश के समावेशी विकास पर जोर दिया



# सात दिन बाद भी साजिद का जनाजा नहीं हुआ सुपुर्दे खाक

## माता-पिता, भाई-बहन आखिरी बार चेहरा देखने से रहे महरूम, आज भी परिवार में मचा है कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना रोड के साजिद की सऊदी अरब में फांसी लगाकर हुई मौत को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन आज भी साजिद के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सबसे दुख भरी बात यह है कि परिवार आखिरी समय में भी न तो मां, बहन साजिद का चेहरा देख सकी और साजिद की पत्नी भी आखिरी बार चेहरा देखने से महरूम रह गई है। साजिद की मौत में सबसे गमगीन बात यह है कि मौत को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन उसके जनाजे को अभी तक सुपुर्दे खाक नहीं किया गया, क्योकि यदि वह अपने घर होता को शायद परिवार के सभी लोग अंतिम बार उसका चेहरा ही नहीं देखते, बल्कि अपने हाथों से उसको सुपुर्दे खाक करते, लेकिन विदेश मे न तो उसका कोई रिश्तेदार है और न ही कोई अपना है। अब तो यही आस है कि साजिद के जनाजे को दफ्ना दिया जाए, हालांकि पूरा परिवार ही नहीं जिम्मेदार लोग भी लगातार एमबीसी से सम्पर्क सादकर कोई हल ढूंढ रहे है, लेकिन साजिद के जनाजे को भारत लाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं मिला। साजिद के भाई खालिद का कहना है कि उसके भांजा और भतीजा भी विदेश में रहता है और घटना के दिन जब साजिद ने अपनी पत्नी से बात करते हुए यह कहा कि ''तू टेंशन ना ले मैं तेरी सब कुछ खत्म कर लूंगा'' और यह कहते हुए साजिद फांसे के फंदे पर झूल गया। पत्नी अपनी आंखो से अपने हमसफर को मरता हुआ देखती रही, लेकिन दूरियां इतनी थी कि वह कुछ कर ना सकी। विदेश में पत्नी से बात करते समय युवक द्वारा मौत को गले लगाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ग्राम बागोवाली, भोपा व अन्य स्थानों पर इस तरह के मामले देखने को मिले है। सभी घटनाओं को उठाकर देखा जाए तो इनके पीछे अधिकतर पारिवारिक मामले सामने आएगे। साजिद ने भी मौत को गला लगाने से पहले एक वॉइस नोट मोबाइल में छोडा था। इसकी भनक परिवार को बाद में लगी थी। घटना के दिन साजिद और उसकी पत्नी के बीच क्या बात हुई और किस बात को लेकर साजिद ने यह कदम उठाया इस बारे में पूछा गया तो हर बार परिवार के लोग चुप्पी साद लेते है। और शायद उनका चुप रहना सही है क्योकि एक तरफ तो उनका जवान बेटा हमेशा के लिए चला गया और शायद अब वह अपने परिवार में कोई गम देखना नहीं चाहते, क्योकि साजिद के एक ढाई वर्ष का बच्चा है और छह माह का बेटा भी अभी मां की गोद में है। दोनों ही मासूम अभी दूनिया के रंज और गम से अंजान है और उन्हे तो यह भी नहीं मालूम की उनके सिर से हमेशा के लिए बाप का साया उठ चुका है। अब बात वहीं आती है कि साजिद की मौत को सात दिन बीत चुके है, लेकिन दो देशों का मामला होने के कारण न तो परिवार के लोग उसका आखिरी बार चेहरा देख सके और अभी तक उसके जनाजे को सुपुर्दे खाक भी नही किया गया। साजिद के भाई खालिद का कहना है कि विदेश के लोग भारत के लोगों का दर्द नहीं समझते। और उनका यह भी आरोप है कि विदेश में भारत के लोगों की कोई भी इज्जत नहीं है। बुधवार को भी साजिद के घर रिश्तेदार व मिलने वालों का आना जाना लगा रहा और सभी दुख की इस घडी में शामिल हुए।

# एमडीए कार्यालय में भाजपा नेता ने दिया धरना

## विभाग पर गंभीर आरोप, अधिकारियों ने सभी आरोपों को बताया निराधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधीकरण (एमडीए) में रिश्वतखोरी और दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर भाजपा नेता विपुल त्यागी ने प्राधीकरण उपाध्यक्ष कार्यालय के बाहर फर्श पर धरना शुरू कर दिया है। विपुल त्यागी विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही और जांच की मांग कर रहे है, हालांकि वह धरने पर अकेले ही बैठे है, लेकिन उन्होने अपनी शिकायत शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की चेतावनी भी दी है। उन्होने धरने पर बैठते समय यह मांग रखी कि जांच के बाद आरोपियों पर कार्यवाही हो। उधर एमडीए के अधिकारी भाजपा नेता के आरोपों को निराधार बता रहे है। अधिकारियों का कहना है कि उन्होने कोई अभद्रता व ऐसा कोई काम नहीं किया जिससे कानूनी कार्यवाही हो।



आईपीएल शुगर मिल रोहाना पर सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता विपुल त्यागी चर्चाओं में आए थे और अब बुधवार को वह मेरठ रोड स्थित मुजफ्फरनगर विकास प्राधीकरण के कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। वह भ्रष्टाचार और रिश्वत खोरी तथा दुर्व्यवहार का आरोप लगा रहे है। भाजपा नेता ने उपाध्यक्ष कविता मीणा के कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया है। इस दौरान विपुल त्यागी ने आरोप लगाया कि यहां पर सुविधा शुल्क दिए बिना कोई कार्य नहीं होता और लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

उन्होने अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। उन्होने कहा कि उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर कार्यवाही कर यहां की व्यवस्था में सुधार किया जाए, हालांकि यहां के अधिकारियों ने उन्हे निष्पक्ष्ज्ञ जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बाद भी विपुल त्यागी धरने पर ही बैठे रहे। उधर एमडीए के अधिकारियें का कहना है कि विभाग में कोई भी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचारी का मामला नहीं है उन्होने सभी आरोपों को निराधार बताया है। सच्चाई क्या है यह तो धरने पर बैठे विपुल त्यागी या एमडीए के अधिकारी जाने? फिलहाल विभाग के अधिकारी सभी आरोपों को गलत बता रहे है।

# आधुनिक होगा कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय भवन

## डीएम ने किया कलक्ट्रेट के निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निर्माणाधीन व प्रस्तावित भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक केंद्र कलक्ट्रेट के पुराने भवनों और अव्यवस्थित यातायात की समस्या से जूझ रहे कलक्ट्रेट परिसर को अब आधुनिक स्वरूप देने की कवायद तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि कलक्ट्रेट परिसर के कई भवन वर्षों पुराने हो चुके हैं और वर्तमान जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं।

नई योजना के तहत प्रकाश चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक आने वाले मार्ग को दोनों ओर से चौड़ा किया जाएगा। इससे कलक्ट्रेट में प्रवेश और निकास सुगम होगा तथा आए दिनलगने वाले जाम से आम जनता, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर तीन मंजिला

पार्किंग स्थल बनाने को स्वीकृति मिल चुकी है। प्रस्तावित बहुमंजिला पार्किंग बनने से परिसर में अव्यवस्थित खड़े वाहनों की समस्या समाप्त होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी। पुराने रिकॉर्ड रूम को नए भवन में स्थानांतरित किए जाने के बाद खाली हुई जगह पर एक आधुनिक संयुक्त कार्यालय भवन बनाया जाएगा। इस भवन में जिलाधिकारी के अधीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उनका स्टाफ एक ही परिसर में बैठ सकेंगे। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय का भी नवीन भवन शीघ्र निर्मित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अमित राणा के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा नगर पालिका के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद मुजफ्फरनगर कलक्ट्रेट न केवल आधुनिक और सुव्यवस्थित दिखाई देगा, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## ओवरलोड ट्रक बन रहे हादसों का सबब, खाईखेडी मिल का ट्रक पलटा

**चरथावल।** क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना वाहनों के कारण होने वाले हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी है।देर शाम चरथावल पश्चिम खाईखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र से क्षमता से अधिक गन्ना लादकर निकला एक ट्रक कुटेसरा पुल पर अनियंत्रित होकर पलट गया।

ट्रक के पलटने से ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली की लाइनें टूटकर गिर गईं। इसके चलते चरथावल कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली घंटों से गुल है। कड़ाके की ठंड और अंधेरे के कारण हजारों की आबादी परेशान है, लेकिन मिल प्रबंधन की ओर से ट्रक हटवाने की तत्परता नहीं दिखाई गई। पुलिस ने शुरुआती राहत कार्य तो शुरू करा दिया है, लेकिन ट्रक न उठने के कारण पूर्ण रूप से रास्ता साफ नहीं हो पाया है।

**खतौली कांड से भी खाईखेड़ी मिल ने नहीं लिया सबकः** विदित हो कि गत वर्ष खतौली में गन्ना ट्रक पलटने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके बावजूद खाईखेड़ी शुगर मिल प्रशासन मानकों के विरुद्ध ओवरलोडिंग कराने से बाज नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मिल प्रबंधन की इसी हठधर्मिता के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और सरकारी संपत्ति (बिजली लाइनों) का भारी नुकसान हो रहा है।

**प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे है सवालः** आखिरकार जहाँ गन्ने के अवरलोड ट्रको और ट्रालो की चपेट मे आने से अनेको हादसे हो चुके है और अनेको लोग जान गवा चुके है लेकिन फिर भी अवरलोड वाहनों पर रोक न लगना प्रशासन पर सवालिया निशान लगा रहा है और कार्यप्रणाली की बखूबी बयान कर रहा है।

# ससुराल में घर के बाहर धरने पर बैठी महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाना क्षेत्र के गांव सूजडू के मौहल्ला जहांगीर पटी में स्थित अपनी ससुराल में घर के बाहर धरने पर बैठी एक विवाहिता का धरना भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा वहलना मंडल के उपाध्यक्ष और समाजसेवी शाह बिलाल राणा ने आश्वासन देकर समाप्त कराया और इस संबंध में हस्तक्षेप करते हुए लखनऊ में बेठे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। तब जनपद के संबंधित अधिकारी महिला के पास धरने पर पहुंचे और उससे बातचीत की तो अधिकारियों ने आरोपी ससुराल पक्ष को जमकर हड़काया और कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। महिला ने पुलिस को अपने ससुरालियों की कारगुजारी से अवगत कराते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। तब भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा वहलना मंडल के उपाध्यक्ष और समाजसेवी शाह बिलाल राणा के आश्वासन पर महिला ने अपना धरना समाप्त कर दिया। कुल मिलाकर भाजपा नेता शाह बिलाल राणा के हस्तक्षेप के चलते फिलहाल मामला सुलट गया है। जिसमें आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश कराए गए। जिसमें पीड़ित महिला को तत्काल न्याय मिला और इस कार्य की काफी लोगो ने सराहना करते हुए समाजसेवी शाह बिलाल राणा को धन्यवाद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस संबंध में समाजसेवी शाह बिलाल राणा का कहना था कि भविष्य में किसी भी समस्या को लेकर में जनता के बीच हमेशा कार्य करता रहूंगा।

# नगर में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग मौन

## छोटे कर्मचारियों के हवाले है प्राइवेट अस्पतालों की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिस तरह जंगल और खेती कीजमीन बस्तियों में तब्दील हो रही है इसी तरह प्राइवेट अस्पतालों की भ्रमार हो रही है या यूं कहा जाए कि झोलाछाप चिकित्सक की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि कई अस्पताल में मरीजों की मौत हो चुकी है और घटना के बाद रोते बिलखते परिजन डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए देखे गए। ऐसा भी नहीं है कि स्वास्थ विभाग ने कार्यवाही नहीं की पर सवाल यह है कि घटना के बाद कार्यवाही तो होती है, लेकिन जिस तरह हॉस्पिटल स्वामी गेट पर लगी सील स्वयं तोडकर दोबारा अपने हॉस्पिटल को चालू कर देते है यह अपने आप में एक बहुत बडा सवाल है कि आखिर दोबारा अस्पताल स्वामी अपने आप ही अस्पताल को शुरू कैसे कर देते है? क्या इसके पीछे विभाग के किसी अधिकारी व कर्मचारी का हाथ होता है? वैसे तो कुछ लोग रूड़की रोड और मदीना चौक के पर ही उंगली उठाकर अपना टारगेट करते है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि नगर के तीनों थाना क्षेत्रों में कई स्थानों पर प्राइवेट अस्पताल चल रहे है। कुछ अस्पताल के पास तो डिग्रियां ही नहीं और कई थाना क्षेत्रों में बच्चों से लेकर महिला व पुरूष की भी मौत हो चुकी है यहां भी परिजनों ने डॉक्टरो की लापरवाही पर सवाल उठाए।





गत दिवस भी स्वास्थ विभाग की टीम ने रूड़की रोड से लेकर मदीना चौक तक कुछ अस्पतालों पर कार्यवाही की। इस दौरान यह चर्चा रही कि सरधना की डिप्टी सीएमओ फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में छापामारी की गई। इस दौरान चिकित्सकों की डिग्री और अन्य कागजों की बारिकी से छानबीन की गई। मेडिकल रिकॉर्ड की भी जांच पड़ताल हुई। यह छापेमारी कोई पहली बार कार्यवाही नहीं है इससे पहले भी स्वास्थ विभाग किसी ना किसी अस्पताल में छापेमारी के दौरान भारी कमियां पाई जाती है, लेकिन कुछ दिन बाद यह कार्यवाही खानापूर्ति की श्रेणी में आ जाता है। कुछ अस्पतालों पर नजर डाली जाए और उनकी बारिकी से जांच पडताल की जाए तो यह साफ हो जाएगा कि डॉक्टरों के स्थान पर यहां के कम्पाउंडर और छोटे कर्मचारी मरीजों का इलाज करते देखे जा सकते है।

नगर में कई नर्सरियां ऐसी भी है जिनमें छोटी-छोटी उम्र के सीखने वाले कर्मचारी नवजातो का इलाज कर रहे है। घटना होने पर डॉक्टर मौके से फरार हो जाते है, लेकिन कुछ दिन बाद वहीं डॉक्टर अपने अस्पताल की कुर्सी पर विराजमान होकर इलाज शुरू कर देते है। कुल मिलाकर नगर के तीनों थाना क्षेत्रों मे झोलाछाप चिकित्सकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# पटवारी ने एक पक्ष का अवैध कार्य कराया शुरू

## दबंगों ने पुलिस से किया हाथापाई का प्रयास



**बुढ़ाना।** सहारनपुर कमिश्नरी कोर्ट में विचाराधीन जमीन के एक मामले में हल्का पटवारी ने एक पक्ष का काम अवैध रुप से चालू करवा दिया। दूसरे पक्ष को जब इस बात की खबर हुई तो उसने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। आरोपी पक्ष ने इस दौरान एक पुलिसकर्मी पर हमला करने का प्रयास किया। जिसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि प्रशासन के इस तरह के अवैध कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भाकियू नेता इस मामले में बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से भी मिले। जिन्होंने पटवारी की कारगुजारी बतलाई। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर दभेडी गांव निवासी इस्लाम की भूमि खसरा नंबर 562 बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर गांव रसूलपुर दभेडी में है। जिसमें उसका रकबा 410 मीटर है जबकि उसके पडोसी आसिफ का रकबा 205 मीटर है। उक्त भूमि की बाबत एक वाद एसडीएम कोर्ट से सम्पन्न होने के बाद अब कमिश्नरी सहारनपुर में मामला विचाराधीन है। बुधवार की दोपहर पडोसी तैय्यब आदि ने इस्लाम के हिस्से की भूमि को अपनी बताते हुए अवैध निर्माण कार्य करना शुरु कर दिया तो इस्लाम पक्ष ने इस बात का विरोध किया मगर तैय्यब पक्ष के लोगों ने इस्लाम व उसके पक्ष के लोगों को मौके से खदेड़कर भगा दिया। आरोप के मुताबिक हल्का पटवारी ने तैय्यब से एक मोटी रकम लेकर गलत निशानदेही करते हुए उक्त भूमि पर निर्माण कार्य शुरु करवाकर दोनों पक्षों में तनाव पैदा करने का पूरा प्रयास किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस से भी हाथापाई करने का प्रयास किया। जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। जैसे ही इसकी सूचना भाकियू नेताओं को लगी तो वे तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव के पास पहुंचे और उनको पटवारी की करगुजारी के बारे में बताया तो उन्होंने मौके पर नायब तहसीलदार को भेजकर काम रुकवा दिया है। फिलहाल दोनों पक्षों में उक्त भूमि को लेकर तनाव बना है।

# एसएफडीएवी स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों को दी विदाई

**मंसूरपुर।** एस. एफ. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के प्रांगण में कक्षा बारहवीं के छात्रें के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों, प्रधानाचार्य ऐके मोहन, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने नम आँखों से कक्षा बारहवीं के छात्रें को विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभहवन से किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारह के छात्रें ने सुंदर नृत्य, लघु नाटिका प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा मजेदार एवं रोमांचक गेम्स का आयोजन किया गया। तालियों और शोर के बीच, मिस्टर डी. ए. वी. वरदान तनेजा, मिस डी. ए. वी. ईशिका अहलावत की उपाधि से सम्मा. नित किया गया। जिससे वह पल और भी ययादगार बन गया। इस अवसर पर वंशिका एवं शिफा ने स्कूल के दिनों को याद करते हुए विद्यालय के सुंदर पलो को साझा किया और बारहवीं के छात्रें के लिए भविष्य में उनकी सफलता की कामना की। प्रधानाचार्य ऐके मोहन ने छात्रों को आशीर्वाद दिया ओर उन्होने समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलक्ष पर कक्षा बारहवीं के छात्रें ने विद्यालय के प्रति ख्रतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने भावों को नम आँखें से साझा किया। विदाई समारोह के उपलक्ष पर प्रेम के प्रतीक के रूप में प्रधानाचार्य द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्रें को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का समापन जलपान और समूह तस्वीरों के साथ हुआ। यह दिवस छात्रें के लिए अविस्मरणीय व भावपूर्ण था। कार्यक्रम की सफलता पर प्रधानाचार्य ने विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारी वर्ग की सराहना की।



# डॉ. हाशिम रज़ा जैदी चिकित्सक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष किए मनोनीत



**मोरना।** क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. हाशिम रज़ा जैदी को कांग्रेस पार्टी द्वारा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर क्षेत्रवासियो ने उन्हें बधाई दी हैं।

भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी डॉ. हाशिम रज़ा जैदी ने बताया की कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आज़ाद बैग का हार्दिक आभार इस ज़िम्मेदारी का वह निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।डॉ.हाशिम रज़ा जैदी ने बताया की कांग्रेस की स्वच्छ विचारधारा ने अनेकता मे एकता का संदेश दिया है तथा हमेशा देश की अखंडता को मज़बूत करने का काम किया है। आम आदमी को विकास तथा मुख्यधारा से जोड़ने का काम कांग्रेस ने किया है।खाद्य सुरक्षा, मनरेगा जैसी योजनाओं को संचालित करने वाली कांग्रेस पार्टी ने हमेशा निचले वर्ग के विकास लिए काम किया है।तथा प्रत्येक वर्ग को सम्मान दिया है। वहीं डॉ. हाशिम रज़ा जैदी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर मोरना भोपा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है।

# आर जी पब्लिक स्कूल मे फैयरवैल पार्टी का आयोजन

**मोरना।** बेहड़ा सादात मे मोरना-जानसठ मार्ग पर स्थित आर.जी.पब्लिक स्कूल में फैयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र -छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने जानकारी देकर बताया की कक्षा 12 वीं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मिस फेशर व मिस स्टाइलिश आरोही व राशि रही एवं मिस्टर फेशर और मिस्टर स्टाइलिस्ट मोहम्मद सेफ व नादिर रहे।इस अवसर पर प्रबंधक रमेश चंद ने कहा की समय की उपयोगिता सबसे महत्वपूर्ण है।बच्चों के लिए यह समय भविष्य की नींव बनाने जैसा है। जिसकी नींव मज़बूत होगी उसकी इमारत उसका भविष्य भी मज़बूत होगा।अपनी बहु आयामी प्रतिभा के साथ प्रत्येक क्षेत्र मे आगे बढ़ें।कार्यक्रम का संचालन जहीर आलम ने किया इस अवसर पर रेनू,अंजू, पूजा, रविन्द्र, आबिद,फोजिया आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## घर में घुसकर मारपीट

**छपार।** गांव रेत्ता नगला में कूड़ा डालने को लेकर हुई कहासुनी में एक युवक ने महिला प्रधान उसकी सास व पति के साथ घर में घुसकर मारपीट की। उक्त गांव निवासी विकास की पत्नी सरिता ग्राम प्रधान व मां संतोष शनिवार को घर के सामने सफाई कर रही थी पड़ोसी पंकज ने उन्हें वहां कूड़ा न डालने से मना किया तो कहासुनी हो गई मौके पर विकास भी आ गया।आरोप है पंकज ने घर में घुसकर विकास के साथ मारपीट की उसकी मां व पत्नी छुड़ाने लगी तो उनके साथ भी मारपीट की। पड़ोसियों के आने पर वह गालियां देता हुआ भाग गया। पुलिस ने विकास की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वार्ड नंबर 14 में लगाई गई 15 एलईडी लाइटें

**बुढ़ाना।** वार्ड के लोगों को अपने सभासद से चाहिए भी क्या। बस गलियों की साफ सफाई रहे। समय पर पानी मिल जाए और गलियों में लाइटें लग जाएं और यही काम बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरू कुरैशी कर रहे हैं। बुधवार के दिन उन्होंने बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल के नेतृत्व में वार्ड की कई गलियों में 15 एलईडी लाइटें लगवाकर रात के समय गली में पड़े अंधेरे को दूर कर दिया। सभासद ने खुद खड़े होकर बुढाना नगर पंचायतकर्मियों से ये लाइटें लगवाई। ये सभी लाइटें इसी वार्ड के निवासी आसिफ कुरेशी, गुलजार कुरेशी, मन्नू कुरेशी और शहजाद सिद्दीकी आदि के घर के पास लगाई गयी। यहां बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल के पुत्र एडवोकेट अभिनव वशिष्ठ भी मौजूद रहे। यहां मौहल्ले के लोगों ने इसके लिए सभासद राशिद भूरु कुरैशी के साथ साथ अभिनव वशिष्ठ एडवोकेट का भी आभार जताया और कहा कि उनके वार्ड में वास्तव में सभासद राशिद भूरु कुरैशी और अध्यक्षा उमा त्यागी के कारण विकास हो रहा है। समय से साफ सफाई हो रही है और समय पर पानी भी मिल रहा है और हमें अपने सभासद व अध्यक्षा से बस ये ही चाहिए। चार एलईडी लाइटों के लगते ही रात्रि के समय मौहल्ले में दिन सा निकल आया। जिसे देखकर लोग खुश दिखे।

## मेपल्स एकेडमी में स्टूडेंट्स का विदाई समारोह सम्पन्न

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप कांधला रोड पर स्थित शिक्षण संस्था मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में बुधवार के दिन कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और पूजन द्वारा हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता की कामना की गई। विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई। समस्त शिक्षकों ने उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और साथ ही आगामी परीक्षाओं के लिए उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को उनके बोर्ड परीक्षाओं के प्रवेश पत्र भी विधिवत प्रदान किए गए। प्रवेश पत्र प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राजीव गर्ग, अन्नया गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरा वातावरण भावनाओं, आशीर्वाद और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। विद्यालय परिवार ने समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए उनको सफलता के शिखर तक पहुंचने का आशीर्वाद दिया।

## अग्रसेन पार्क के बंद होने से बच्चे हुए मायूस

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की टीचर्स कालोनी में स्थित अग्रसेन पार्क बीती 02 फरवरी से बन्द करा दिया गया है। इस पार्क में इसी कालोनी के सभी बच्चे, बूढे, बुर्जुग और महिलाएं कुछ समय के लिए सुबह और शाम रोजाना घूमने के लिए आते थे। इस संबंध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर ईकाई बुढाना के संरक्षक सुरेन्द सिघल, नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल और महामंत्री राजीव कुमार आदि पदाधिकारियों ने बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव से उक्त पार्क को बच्चों के खेलने के लिए खोला जाये ताकि बच्चों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े। इस संबंध में जब बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव से उक्त पार्क बंद होने के संबंध में मोबाइल फोन पर बातचीत करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की शोक सभा में बुधवार के दिन दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी ने बताया कि अधिवक्ता अलीम सिद्दीकी की वालिदा का बीते दिन अचानक निधन हो गया था। आज सबकी सहमति से एक शोक सभा के बाद संपूर्ण नौ वर्क रखने की घोषणा की गयी। जिसमें सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से पूर्णत विरत रहे। शोक व्यक्त करने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रुप से पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी, विश्वास त्यागी, एसपी मलिक, शाहजेब सिद्दीकी, मेहराज कुरैशी, प्रशांत शर्मा, ईश्वर दयाल संगल, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी और संजय त्यागी आदि अधिवक्ता शो. काकुल रहे।

## सरेआम मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**भोपा।** गांव बेहड़ा थ्रू मे मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। जिसमे एक ही परिवार की दो महिलाओ सहित चार व्यक्ति घायल हो गये। पीड़ित की तहरीर पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी सोनू ने बताया की बीते 2 फ़रवरी को बच्चों के बीच विवाद हो गया था। जिसमे गांव के व्यक्तियों द्वारा समझौता करा दिया गया था। किन्तु आरोपियों ने समझौते का पालन न करते हुए अपनी खुन्नस बरकरार रखी और मंगलवार की सुबह गांव के कुंवे के पास परिवार के सदस्य को घेर पर मारपीट की जिसमें पिंटू व उसकी पत्नी पूनम तथा मिन्टू व उसकी पत्नी सोनिया घायल हो गयी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग की। पुलिस ने आरोपी राधेश्याम, अंकुर, विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बैठक आयोजित

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में क्रिएटस फार्मा कंपनी के सौजन्य से पशुपालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पशुओं में होने वाली आम बीमारियों की जानकारी देना और उनके बचाव व उपचार को लेकर पशुपालकों को जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में पशुपालकों को थनैला रोग, खुर पका-मुंह पका जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि पशुओं में एंजाइम की कमी के कारण कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए सभी उपस्थित पशुपालकों को एंजाइम पाउडर का वितरण किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9480/07.10.2011 में गलती से पुत्र का नाम **मौ0 आजान** दर्ज हो गया था, जबकि सही नाम **मौ0 आज़ान साजिद** है व माता का नाम **शबाना** दर्ज है जबकि सही नाम **शबाना नाज़** है। संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

निवेदक:
**मौ0 साजिद** पुत्र सईद अहमद,
150, बाग जानकी दास,
मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की दिनांक 12-2-2026 व 17-2-2026 को स्थान प्रस्तावित समिति कार्यालाय गौरव पुत्र चतर सिंह ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद तहसील जानसठ जिला मुज़फ्फरनगर समय दोपहर 11:00 बजे प्रस्तावित **मत्स्य जीवी सहकारी समिति ग्राम खेड़िफिरोजाबाद विकास खण्ड मोरना तहसील जानसठ मुज़फ्फरनगर** के गठन हेतू बैठक का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत खेड़ी फिरोजाबाद के समस्त नागरिकों से अनुरोध है की उक्त बैठक मे अधिक से अधिक व्यक्ति भाग लें एवं समिति की सदस्यता के हेतू स्वयं के आधार कार्ड एवं फोटो सहित आवेदन करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मैने अपने पुत्र ललित कुमार आयु करीब 30 वर्ष को अपने घर की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, क्योंकि ललित कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है तथा गलत संगति में पड गया है उसके अमर्यादित व्यवहार के कारण अब से उससे हमारा किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही रह गया है वह अपने किये का स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि कोई उससे मेरी चल-अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई वार्ता या खरीद करता है तो हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**ओमपाल पुत्र श्री बलजीत सिहँ निवासी ग्राम / मो. अन्ती थाना खतौली तहसील खतौली जिला मु.नगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7146, दिनांक 1.7.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम विशेष यादव (VISHESH YADAV) अंकित नहीं कराया गया था।

नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अंकित यादव**
**निवासी- जवाहर वैदिक पब्लिक स्कूल, सरकूलर रोड, मुजफ्फरनगर।**
**मोबाइल-8755702893**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मै श्रीमती वहीदन पत्नी स्व. वकील निवासी मकान नंबर 114 मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी, कस्बा, तहसील और थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर की निवासी हूं। मेरा बड़ा पुत्र मोमीन मेरे कहने में नही है। उसकी उठ बैठ बाजारु औरतों में है। उसके चार बच्चे हैं। जिन पर वो ध्यान नही देता। वो अपनी पत्नी नोशीदा के साथ भी आये दिन झगडा करता रहता है। अब में उसकी ऐसी हरकतों से तंग हूं। मुझे डर है कि वो भविष्य मे कोई गलत कार्य न कर दे। इसलिए में व मेरा परिवार डरा हुआ है। अब में मोमीन को उसकी इन हरकतों से तंग आकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मोमीन अपने किसी अच्छे बुरे कृत्य का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र आजीम जो अविवाहित है तथा आये दिन परिवार के लोगो के साथ गाली गलौच कर झगडा फिसाद करता रहता है। उसका उठना बैठना भी गलत संगती के लोगो के पास है। इसलिये मैने अपने पुत्र आजीम को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उससे अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर दिये है। आज के बाद मेरी किसी भी प्रकार की चल अचल सम्पत्ति में आजीम का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही रहा है। उसके गलत कृत्य, लडाई झगडा फिसाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मौ. तोसिफ पुत्र फुन्दा**
**निवासी ग्राम जटवाडा**
**थाना ककरौली**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प किए अर्पित



**बुढ़ाना।** भाजपा बुढ़ाना मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा के बुढ़ाना स्थित आवास पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानव वाद के प्रणेता श्रद्धेय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर उनके स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। बुढ़ाना मण्डल महामंत्री मुकेश शर्मा ने बताया कि संघ के स्वयं सेवक से भारतीय जन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का पंडित दीन दयाल उपाध्याय का वैचारिक व संगठनात्मक योगदान भारतीय राजनीति में एक मूल्यपरक दृष्टि का परिचायक है। अंत्योदय और एकात्म मानववाद के माध्यम से उन्होंने राष्ट्र निर्माण को सामाजिक समरसता, सेवा व आत्मनिर्भरता से जोड़ा।

उनकी पुण्य तिथि पर उनके विचारों और सार्वजनिक जीवन के प्रति कृतज्ञ स्मरण करने वालों में एलडीबी अध्यक्ष विनोद सैनी, मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक भाजपा शाहिद असलम, पूर्व युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुनीत शर्मा आदि भाजपाई मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम **IMARAN KHAN पुत्र EHASAN KHAN** दर्ज है, अब मैंने अपना नाम **IMARAN KHAN** से बदलकर **IMRAN KHAN** रख लिया है। भविष्य में मुझे **IMRAN KHAN s/o EHASAN KHAN** के नाम से ही जाना व पहचाना जाएगा। पता : **116, Mitthulal, KHATAULI, Dist. Muzaffarnagar (U.P.), Pincode - 251201**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा छोटा पुत्र कृष्णकुमार गलत संगत में पड़कर मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसकी हरकतो से तंग व परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं। कृष्णकुमार किसी से कोई लेन देन, लड़ाई झगडे या कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करता है तो उसके लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। कृष्णकुमार के साथ किये गये लेन देन का कोई भी कलेम मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर नहीं होगा।

**श्याम सिंह पुत्र स्व. श्री पूंना**
**निवासी म.नं.-00, ग्राम अलमावाला शेरपुर खादर,**
**थाना भोपा, तहसील सदर,**
**जिला मुजफफरनगर**
**( यूपी ) 251327**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मोहम्मद आरजू मेरे कहने सुनने में नही है। उसकी हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने अपने पुत्र मोहम्मद आरजू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं उसके किसी भी कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य के लिए यह खुद जिम्मेदार होंगा। मेरी व अन्य परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मोहम्मद आरजू के साथ किये गये लेन देन का कोई भी कलेम मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर नही होगा।

**श्रीमति मुम्ताज बेगम**
**पत्नी स्व. मौहम्मद मियां**
**निवासी म.नं०-89, मेन रोड,**
**लद्धावाला-1,**
**थाना कोतवाली नगर,**
**तहसील सदर,**
**जिला मुजफफरनगर**
**( यूपी )251002**

# निविदा सूचना

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 07-02-2026 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ऑफलाईन टेन्डर प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 27-02-2026 को अपरान्ह 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोडा जाना है। टेन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशनुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक ठेकेदार अपने टेन्डर 27-02-2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक डाल सकते है। टैण्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोलें जायेगे। टेन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ.डी./ बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबेशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम pledged (गिरवी) करनी होगीं। टेन्डर की अन्य विस्तृत शर्ते डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती है। टैण्डर सम्बंधी शर्ते एवं टैण्डर फार्म दिनांक 27-02-2026 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस / समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर / कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टेन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। टैण्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिये बोली जायेगी। टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.स० | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार मंगल पैंठ बाजार का ठेका | पन्द्रह लाख रुपये मात्र | 15,000- |

**नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी**
**डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी**
**मुजफ्फरनगर**

# राष्ट्रीय किन्नर संघ ने आपसी भाईचारे को बढ़ाने को लिए कई निर्णय



**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय किन्नर संघ ने सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक, साहसिक और दूरगामी निर्णय लिया है, जिसे किन्नर समाज ही नहीं बल्कि आम समाज के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है। यह फैसला जनपद मुजफ्फरनगर स्थित राष्ट्रीय किन्नर संघ के कार्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया, जिसमें देशभर के वरिष्ठ गद्दीदार, पदाधिकारी और समाज के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय किन्नर संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजिम बाजी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में साफ और सशक्त शब्दों में कहा कि किन्नर समाज किसी एक जाति, धर्म या समुदाय का नहीं है, बल्कि यह 36 बिरादरी का साझा समाज है। उन्होंने जोर देकर कहा किन्नर समाज में न हिंदू है, न मुस्लिम, न सिख और न ईसाई हम सब पहले इंसान हैं हमारे लिए सभी धर्म समान हैं और इंसानियत सबसे ऊपर हैधर्म के नाम पर विभाजन पर सख्त चेतावनी बैठक में यह गंभीर चिंता जताई गई कि हाल के समय में उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में कुछ किन्नरों द्वारा धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही थी। इसे किन्नर समाज की परंपराओं और एकता के खिलाफ मानते हुए वरिष्ठ गद्दीदारों और केंद्रीय समिति ने सर्वसम्मति से कड़ा निर्णय लिया कि जो भी किन्नर समाज में हिंदू मुस्लिम का भेदभाव फैलाएगा, उस पर भारी आर्थिक दंड लगाया जाएगा और उसे कुछ समय के लिए बिरादरी से अलग कर दिया जाएगाराष्ट्रीय अध्यक्ष नाजिम बाजी ने बताया कि यह फैसला समाज के प्रमुख कीननों (वरिष्ठ संरक्षकों) द्वारा लिया गया है, ताकि किन्नर समाज की गरिमा, एकता और परंपराओं को सुरक्षित रखा जा सके

राष्ट्रीय किन्नर संघ की प्रदेश अध्यक्ष संगीता वर्मा ने इस फैसले का खुलकर समर्थन करते हुए कहा,

हकिन्नर समाज में नफरत की कोई जगह नहीं है। जो लोग अपनी राजनीति चमकाने या निजी स्वार्थ के लिए हमारे समाज को बांटने का प्रयास कर रहे थे, उन्हें अब समझ जाना चाहिए कि किन्नर समाज एकजुट है और विभाजन बर्दाश्त नहीं करेगा जन्म, विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ अवसरों पर किन्नरों की उपस्थिति को शुभ माना जाता है। आज का यह फैसला उसी गौरवशाली परंपरा को और मजबूत करता है पूरे समाज के लिए बड़ा संदेश विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय केवल किन्नर समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए समाजशास्त्रियों का कहना है कि जब किन्नर समाज जैसा हाशिये पर रहा समुदाय इतनी स्पष्टता से सामाजिक एकता की बात करता है, तो यह मुख्यधारा के समाज के लिए भी एक मजबूत नैतिक सीख है।

# योगेंद्र वर्मा तीसरी बार बने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष




**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्मी नगर में अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय महासमिति एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक उच्च अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य मदन जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का सफल संचालन जिला अध्यक्ष संदीप मित्र द्वारा किया गया।

बैठक में देश के 13 राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिनमें मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर से रमेश चंद्र शर्मा, हिमाचल प्रदेश से अमित सिंह वर्मा, हरियाणा से उर्मिला सिंह, दिल्ली से अमित कुमार, उत्तर प्रदेश से अरुण चौधरी, उत्तराखंड से शनि मित्तल, बिहार से स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज, राजस्थान से प्रताप सिंह, पश्चिम बंगाल से कोकिला भटाचार्य तथा अयोध्या से अजय दादा सहित अनेक प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय महासमिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से योगेंद्र वर्मा को तीसरी बार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। वहीं डॉ. सिद्धार्थ भटाचार्य को राष्ट्रीय महामंत्री अजय दादा अयोध्यावासी राष्ट्रीय आईटी सेल अध्यक्ष,अमरीश त्यागी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, साक्षी वर्मा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा राखी प्रजापति को राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री चुना गया।महाराष्ट्र से आए अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संरक्षण श्री श्री 1008 स्वामी माधव आनंद सरस्वती जी महाराज ने योगेंद्र वर्मा के नाम का अनुमोदन किया, जिसे सभी प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए उनके नेतृत्व में कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हिंदू महासभा का प्रमुख मुद्दा रहा है।

वहीं नवनिर्वाचित आईटी सेल से जुड़े पदाधिका. रियों अजय दादा एवं देवासी ने कहा कि अयोध्या के बाद अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने की दिशा में प्रयास तेज किए जाएंगे।बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने, देश के मंदिरों के पुनर्निर्माण, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने, समान नागरिक संहिता लागू करने, संगठन की गुटबाजी समाप्त करने तथा हिंदू महासभा कार्यालय को कब्जा मुक्त कराने जैसे प्रस्ताव शामिल रहे।राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ने कहा कि हिंदू महासभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होगी।

# मदरसों में एमआर टीकाकरण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक के मदरसों में खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके तहत कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है।



कोतवाली ब्लॉक के विभिन्न मदरसों में एम-आर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि पूरे ब्लॉक में इस अभियान के अंतर्गत कुल 19 सत्रों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक सत्र में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों का सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ. विशाल दिवाकर ने अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ क्षेत्र के मदरसों में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, बच्चों की उपस्थिति और रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। टीम ने मदरसों के भ्रमण के दौरान वहां के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों से संवाद कर एम-आर टीकाकरण के महत्व को समझाया। डॉ. विशाल दिवाकर ने प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के उन सभी बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जा रही है, जिन्हें पूर्व में यह टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खसरा और रूबेला दोनों ही अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जो बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि खसरा रोग से बच्चों में निमोनिया, दस्त, कुपोषण और यहां तक कि दृष्टिहीनता जैसी गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं। वहीं, रूबेला संक्रमण यदि गर्भवती महिला को हो जाए, तो नवजात शिशुओं में जन्मजात विकृतियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. विशाल दिवाकर ने स्पष्ट किया कि एम-आर टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह बच्चों को इन दोनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

## उमंग तातरान का नेशनल शूटर में चयन

**हल्दौर।** नगर में स्थित जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र उमंग तातरान ने दिल्ली में आयोजित 66 वीं शुटिंग प्रतियोगिता में नेशनल शूटर में चयन होने पर विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली में स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज का चार जनवरी को 66 वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र उमंग तातरान ने प्रतियोगिता में शामिल होकर 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ प्रतियोगिता में 533 अंक व 19 वीं रैंक हासिल कर अव्वल स्थान प्राप्त कर अपने जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को उमंग तातरान के विद्यालय पहुंचने पर उनके सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने छात्र उमंग तातरान को नेशनल स्तर की शूटिंग में चयन होने पर पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। साथ ही उन्होंने उमंग के पूरे परिवार को भी मंच पर आमंत्रित कर शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया, जिससे अभिभावकों का उत्साह और विश्वास और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता विकास पंकज ने छात्र उमंग तातरान को बधाई देते हुए कहा कि उमंग की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी वह देश और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा। उन्होंने उमंग और उसके परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने अपने संबोधन में घोषणा की कि जो भी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में जिला स्तर पर टॉप करेगा उसे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास विकसित हो।

# एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

**बुढ़ाना।** बुधवार को एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में किया गया। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण अंचल के लोगों को मतदान जागरूकता, ग्राम सेवा तथा सामाजिक चेतना से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्वयं सेविकाओं ने घर घर जाकर लोगों का डाटा कलेक्ट किया तथा विशेष रूप से बालिकाओं को आगे बढ़ने पर जोर दिया तथा मोबाइल पर ज्यादा किसी भी अंजान व्यक्ति से बात करने के लिए मना किया तथा उन्हें जागरूक किया कि किसी भी अंजान कॉल पर अपना ओटीपी न बताएं।

साइबर ठगी से बचने के उपाय बताएं। सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया। स्वयं सेविकाओं ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम एक कार्यक्रम ही नहीं अपितु समाज को सकारात्मक रूप प्रदान करने की एक कला व प्रयोगशाला है। स्वयं सेविकाओं में शिवानी, महविश, नैना, रानी, शगुन, तनीषा, अर्शी जहां, वंशिका, खुशी, मुस्कुराना, दीपा, काजल, इशा बालियान, कनिका, मोनिका, सोनिया, कार्यक्रम अधिकारी रूपाक्षी के अलावा किरण, सुनीता चौधरी, सृष्टि, ज्योति और प्रवीण आदि शिक्षक शिक्षिकाओ का भी सराहनीय योगदान रहा।




### तीन किलोग्राम से भी ज्यादा अवैध गांजा बरामद

**बुढ़ाना।** बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज रनवीर सिंह ने सीओ बुढाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक विकलांग युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलो 150 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। पूछताछ में पता लगा कि उक्त युवक आते जाते लोगों और ट्रक चालकों को अवैध गांजा बैंचता था पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज रनवीर सिंह सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में अपने अधीनस्थ हैड कांस्टेबल अनिल कुमार, सुनील कुमार और कांस्टेबल दिलीप कुमार की मदद से इटावा गांव के मुख्य गेट के पास मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आते जाते वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। तब उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसको घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मेहरबान पुत्र जाहिद निवासी ग्राम इटावा बताया।

# ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की हुई बैठक

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की एक बडी बैठक बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाडा में स्थित एक मकान में आयोजित की गयी। जिसमें आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रावघ नदीम एडवोकेट भी पहुंचे। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनावघ की सरगर्मी के चलते सभी सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की सहमति से जिला मुजफ्फरनगर पंचायत के वार्ड नंबर 22 से गांवघ हुसैनाबाद भनवाड़ा के ही वहादत राणा को आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया और तन मन धन से चुनावघ लडाने की भी बात कही गयी। इस दौरान यहां पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रावघ नदीम एडवोकेट ने अपने संबोधन में सभी ग्रामीणों को कहा कि यह निर्णय वार्ड की सम्मानित जनता की सहमति और बिवास का प्रतीक है। वार्ड नंबर 22 अब विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व की ओर अग्रसर है। वार्ड की समस्त जनता से निवेदन है कि वह वहादत राणा को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान करें। यहां महासचिव अली जैदी, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम एडवोकेट, राष्ट्रीय मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रमपाल कश्यप, राव तिजारत प्रधान, राव दिलशाद, वसीम राजपूत, वकील राणा, मनव्वर प्रधान और शादाब राजपूत सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# खतौली में नशे की दस्तक: सुनसान कोनों में सुलगती लत, भविष्य पर गहराता संकट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे और आसपास के गांवों में युवाओं के बीच बढ़ती नशे की प्रवृत्ति अब सामाजिक चिंता से आगे बढ़कर गंभीर चेतावनी का रूप लेती जा रही है। शाम होते ही सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लॉटों, झाड़ियों और एकांत स्थानों पर युवाओं के समूह दिखाई देते हैं। उनके जाने के बाद वहां जली हुई पन्नियां, माचिस की तीलियां और संदिग्ध अवशेष मिलते हैं, जो नशे की बढ़ती जकड़न की ओर इशारा करते हैं।

जिस आयु में युवा अपने करियर और सपनों को आकार देते हैं, उसी दौर में कई किशोर और युवा नशे की गिरफ्त में फंसते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि कस्बे में मादक पदार्थों की उपलब्धता पहले की तुलना में आसान हो गई है। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व ऊंचे दामों पर युवाओं को नशीला पदार्थ उपलब्ध करा रहे हैं।

पहले जहां सीमित स्तर पर गांजा जैसे नशे की चर्चा होती थी, वहीं अब स्मैक, चरस और अन्य खतरनाक पदार्थों के इस्तेमाल की बातें सामने आ रही हैं। चिंताजनक पहलू यह भी है कि कुछ युवक सुलेशन द्धजूते चिपकाने वाला रसायनऋ का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसे पन्नी में डालकर सूंघा जाता है, जिससे क्षणिक नशे का प्रभाव महसूस होता है। चिकित्सकीय द्रष्टि से यह प्रवृत्ति अत्यंत हानिकारक मानी जाती है और लंबे समय में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकती है।

**परिवारों की बढ़ी चिंता**

नशे की आदत ने कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य और उनके व्यवहार में आ रहे बदलाव को लेकर आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ मामलों में नशे की लत पूरी करने के लिए युवाओं द्वारा छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

**प्रशासन से सख्ती की मांग**

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए, निगरानी बढ़ाई जाए और साथ ही स्कूल-कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि युवाओं को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके। खतौली और आसपास के गांवों में बढ़ती यह प्रवृत्ति केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की भी परीक्षा है। यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य गंभीर संकट में पड़ सकता है।

## मोईन पहलवान ने कुश्ती में जीता गोल्ड मैडल



**बुढ़ाना।** चौधरी चरण सिंह एकेडमी गांव वैल्ली के संचालक चौधरी नरेश पहलवान के होनहार शिष्य ने बारह किलो ग्राम भार वर्ग में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कुश्ती जीती। यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता बीती 07 फरवरी से शुरु होकर लगातार तीन दिनों तक चलने के बाद बीती 09 फरवरी को समाप्त हुई। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के जनपद बनारस में आयोजित की गई थी। ग्रीको रोमन कुश्ती में गोल्ड मेडल हासिल करते हुए मोईन पहलवान ने अपने क्षेत्र का ही नहीं बल्कि जनपद मुजफ्फरनगर का नाम भी राज्य स्तर पर रोशन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय मोईन के गुरु चौधरी नरेश पहलवान को जाता है जिन्होंने अपनी मेहनत से मोईन को इस काबिल बनाया। मेडल जीतने पर ग्रामीणों मे भी खुशी की माहौल है और वे मोईन के परिवार को मुबारकबाद दे रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार के दिन अपने गांव में पहुंचे मोईनघ पहलवान का सैंकड़ों ग्रामीणों ने गांवघ के गेट से फूल मालाओं से ढोल नगाड़ों की थाप पर स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की भी ईश्वर से कामना की। पहलवान मोईन का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से रालोद नेता संयम पंवार, चौधरी रघुवीर सिंह भाग सिंह, राजवीर सिंह और हरेन्द्र पंवार समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहे। यहां मिष्ठान भी बांटा गया।

# पिज्जा कैफों में 'प्राइवेट केबिन' का ट्रेंड चर्चा में, प्रति घंटा शुल्क और आईडी जांच पर उठे सवाल

शाहटाइम्स सवांददाता, खतौली।

खतौली कस्बे में कुछ पिज्जा कैफे और रेस्टोरेंट्स इन दिनों खास वजहों से चर्चा में हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि फास्ट फूड की आड़ में निजी केबिन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनके लिए 300 से 700 रुपये प्रति घंटा तक वसूले जा रहे हैं। साथ ही, नाबालिग युवक-युवतियों की आवाजाही और बिना पहचान पत्र जांच के प्रवेश दिए जाने को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बाहर से सामान्य दिखने वाले इन कैफों के भीतर अलग से बने केबिन तक पहुंचने के लिए अंदरूनी मार्ग तैयार किया गया है। इन केबिनों में सोफा, कुर्सी और टेबल की व्यवस्था है तथा इन्हें व्यक्तिगत रूप से बुक करने की सुविधा भी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राएं भी यहां आते-जाते देखे गए हैं, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ी है। नगरवासियों का कहना है कि पहले होटल और ओयो जैसे ठिकानों को लेकर शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन अब कुछ कैफे इस तरह की गतिविधियों के केंद्र बनते जा रहे हैं। दिन के समय भी इन स्थानों पर युवाओं की भीड़ देखी जा रही है। आसपास के लोगों ने आपत्ति जताई, मगर कथित रूप से संचालकों की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए गए।

**पुलिस की कार्रवाई**

मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने हिंदू रक्षा दल के नगर अध्यक्ष चंद्रपाल की तहरीर के आधार पर जानसठ तिराहे के पास संचालित दो कैफों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान वहां कई नाबालिग युवक-युवतियां मौजूद मिले। पुलिस ने सभी को चेतावनी देकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद शांति भंग की आशंका में चालान किया गया।

कार्रवाई के बाद भी चिंता कायम

स्थानीय लोगों का दावा है कि जीटी रोड भूड़ क्षेत्र में कुछ अन्य कैफों में भी इसी तरह की गतिविधियां जारी हैं। आरोप है कि प्रति घंटे के हिसाब से रकम वसूली जा रही है और आईडी सत्यापन की सख्त व्यवस्था नहीं है।

नगरवासियों ने प्रशासन से नियमित जांच, सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने और नाबालिगों की एंट्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। साथ ही, नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की भी मांग उठाई गई है। पुलिस का कहना है कि सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई थी और भविष्य में भी यदि किसी स्थान पर अवैध या आपत्तिजनक गतिविधियों की जानकारी मिलती है तो जांच कर नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को

## मोरना क्षेत्र से कॉंवड़ियों का गुजरना हुआ शुरू

**मोरना।** प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर बड़ी संख्या मे कॉंवड़िये मोरना क्षेत्र से गुजरते हैं।बुधवार को शिव भोले की जयकार के साथ शिव भक्त कांवड लेकर क्षेत्र से गुजरे वहीं शिव भोलो की सेवा के लिए शिविर लगाये गये हैं। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर कॉंवड़िये खादर क्षेत्र के कच्चे मार्ग से होते हुए डुंडी घाट,योगेन्द्रनगर,भोकरहेड़ी, मोरना, बेहड़ा सादात होकर गुजर रहे हैं। क्षेत्र की सोलानी के डुंडी घाट पर कॉंवड़ियों के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल ग्रामीणों द्वारा बनाया गया है। वहीं डुंडी घाट,भोकरहेड़ी तौफीर मार्ग, भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड व छछरौली गांव मे कॉंवड सेवा शिविर लगाये गये हैं जहां शिव भोलो के लिए निरंतर जलपान आदि की निरूशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है।

# इस बार का बजट बहुत अच्छा: संजय मित्तल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा दी गुड खांडसारी एंड ग्रैंन मर्चेंट एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश सरकार का बजट सबसे बड़ा बजट है और सही मायने में कहें तो बहुत अच्छा बजट है। युवाओं के लिए 500000 की लोन योजना है जो बिना गारंटी है स्वागत योग्य है। महिलाओं के लिए भी रोजगार लोन योजना शुरू की गई है यह भी स्वागत योग्य है। लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए 27 हजार103 करोड़ दिए हैं जो स्वागत योग्य है। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के लिए हमारी मांग थी कि ऑफिसों के लिए अलग से फंड जारी हो उसका भी ध्यान रखा गया है जो की स्वागत योग्य है कुल मिलाकर बजट अच्छा है। सामूहिक विवाह कन्या राशि जो अभी तक 50000 थी उसको बढ़कर 100000 की गई है स्वागत योग्य है।

## फेयरवेल पार्टी के उपरांत छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मोरना।** मोरना मे शुकतीर्थ मार्ग स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में बुधवार को फैयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे 12वीं कक्षा के सीनियर स्टूडेंट को रंगारंग प्रस्तुति के बीच विदाई दी गयी।

मुख्य अतिथि कॉलिज डायरेक्टर विराज तोमर ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसके उपरांत गणेश वन्दना जय श्री गणेशा के भजन गीत पर जबरदस्त डांस से शुरुआत हुई। 11 वीं कक्षा के बच्चों ने अनेक गीतों पर नृत्य किया वहीं 12वीं कक्षा के छात्रों के लिये प्रश्नोत्तर रखा गया जो गर्ल्स ओर बॉयज़ दोनो के बीच टाई रहा। कार्यक्रम मे 12 वीं कक्षा के बच्चों वर्निका,अक्षिका, राखी, वंशिका, रिदा, सारा, ज़र्का आदी ने नगाड़े संग ढोल बाजे पर शानदार डांस की प्रस्तुति दी। अनेक प्रस्तुति देने के आधार पर मिस फेयरवेल ओर मिस्टर फेयरवेल का चुनाव किया गया। मिस फेयरवेल मिस राखी ओर मिस्टर फेयरवेल आर्यन को चुना गया। सीनियर स्टूडेंटस से रनरअप तुकेश्वर,अक्सीका को,मिस अटायर खुश्दीप, अभय गर्ग, मिस परफेक्ट वर्निका मिस्टर परफेक्ट आर्यन को चुना गया। स्कूल प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ अध्यापकगण आर आर मिश्रा, राकेश कुमार, पवन शर्मा, कपिल कुमार, भावना शर्मा, हनी अन्तल, पवन कुमार शर्मा, संयोगिता, पूजा राना, विनती देवी,साक्षी ,अजय गुप्ता, प्रीति,आस्था, अरुणा,रेखा शर्मा, नौशाद आदी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में डायरेक्टर विराज तोमर ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया ओर मिस फेयर वेल ओर मिस्टर फेयर वेल को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हनी अन्तल ने किया।

# मीट व्यापारियों संग कोतवाली में मंथन, सीसीटीवी-एएनपीआर होंगे अनिवार्य

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुखद्ढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कोतवाली परिसर में मीट व्यापारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने की। इस दौरान सुरक्षा, अतिक्रमण, तकनीकी निगरानी और आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



कोतवाल ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का सहारा लेना बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी मीट व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर सड़क की ओर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि कैमरे न केवल अपराधों की रोकथाम में सहायक होंगे, बल्कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में ठोस साक्ष्य भी उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त, नेशनल हाईवे से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरे लगाने पर जोर दिया गया, ताकि संदिग्ध वाहनों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

अतिक्रमण पर सख्त चेतावनी

बैठक में बाजार क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल ने स्पष्ट कहा कि सड़क पर सामान फैलाकर या अस्थायी ढांचे खड़े कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आमजन को असुविधा न हो।

सतर्कता ही सुरक्षा की कुंजी

थाना प्रभारी ने व्यापारियों से अपील की कि बाजार क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के आपसी सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।कैफे संचालकों को भी निर्देश बैठक में मौजूद कैफे संचालकों को प्रत्येक ग्राहक की वैध पहचान पत्र द्धआईडीऋ जांचने और उसका विवरण दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए गए। नियमों की अनदेखी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।महाशिवरात्रि को लेकर विशेष व्यवस्थाआगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर धार्मिक भावनाओं के सम्मान पर भी जोर दिया गया। कोतवाल ने होटल एवं मीट व्यापारियों को निर्देशित किया कि वे मीट को पूरी तरह ढककर रखें अथवा पर्व के तीन दिनों तक दुकानें बंद रखें, ताकि शांति और सौहार्द बना रहे। बैठक के अंत में व्यापारियों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और बाजार को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का भरोसा दिलाया।

### एसडीएम से मिले भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढाना के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद भाकियू कार्यकर्ता लविश जांगिड और राहुल बालियान के साथ न्यायिक एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा से उनके बुढ़ाना स्थित सरकारी कार्यालय पर मिले और उनको बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। भाकियू नगर अध्यक्ष एसडीएम की मधुर वाणी से बहुत ही प्रभावित हुए। भाकियू नेताओं ने एसडीएम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और उनको अपने यहां की कुछ मौखिक समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा ने भाकियू नेताओं को आश्वस्त किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इसके लिए भाकियू नेता इसरार अहमद और लविश जांगिड ने एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा का आभार जताया।

# जहीर फारूकी भाकियू नेताओं संग कर्नाटक रवाना



**पुरकाजी।** भारतीय किसान यूनियन का 4 सदस्यीय डेलिगेशन पांच दिवसीय दौरे पर रवाना हुआ

मिली जानकारी के भारतीय किसान यूनियन का चार सदस्य दल चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में तमिलनाडु वह कर्नाटक के पांच दिवसीय दौरे के लिए आज रवाना हुआ डेलिगेशन में पुरकाजी चेयरमैन जाहिर फारुकी चौधरी युद्धवीर सिंह परविंदर अवाना मौजूद रहे

# दो दिवसीय खेल पोषण और आहार योजना कार्यशाला का समापन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज मे ''खेल पोषण और आहार योजना'' विषय पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन का शुभारम्भ मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रवीण कादियान, एमएस कॉलेज, सहारनपुर और डा0 सोनाली सिंह, विभागाध्यक्षा, शारीरिक शिक्षा विभाग जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर तथा विशिष्ट अतिथियों में डा0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज, डा प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रवीण कादियान, एमएस कॉलेज, सहारनपुर ने कहा कि खेल पोषण द्धेचवतजे छनजतपजपवदऋ एथलीटों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने, रिकवरी तेज करने और ऊर्जा स्तर बनाए रखने के लिए संतुलित आहार द्धकार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिजऋ और उचित हाइड्रेशन का विज्ञान है। इसमें 60 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 20 प्रतिशत प्रोटीन, और 20 प्रतिशत वसा का अनुपात सामान्य है, जिसे प्रशिक्षण और खेल की जरूरतों के अनुसार अनुकूलित किया जाता है।




इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा0 सोनाली सिंह, विभागाध्यक्षा, शारीरिक शिक्षा विभाग जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर ने बताया कि एक एथलीट के लिए आदर्श डाइट किसी भी हेल्दी इंसान के लिए बताई गई डाइट से बहुत अलग नहीं होती है और जबकि कुछ स्पोर्ट्स में एथलीट को एक खास वेट ग्रुप या बॉडी फैट में फिट होना ज़रूरी होता है, स्पोर्ट्स में न्यूट्रिशन के फायदे सिर्फ दिखने में नहीं होते। आपको ज्यादा देर तक और ज्यादा मेहनत से ट्रेनिंग करने में मदद करता है। थकान देर से शुरू होती है, एक हेल्दी इम्यून सिस्टम बनाए रखता है, परफॉर्मेंस बढ़ाता है, रिकवरी बेहतर करता है, बॉडी कंपोजीशन बेहतर करता है, चोट लगने का खतरा कम करता है। इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विभाग भविष्य मे भी इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कराता रहे ताकि छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धन में सहायता मिलती रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र चौधरी, प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डा अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, तरूण, प्रशांत तथा विश्वदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों को दवा खिलाकर किया कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ रुड़की रोड स्थित हिमालयन पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने संयुक्त रूप से किया। दोनों अतिथियों ने विद्यालय के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में कुल 15,68,390 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष प्रथम चरण में 13,71,322 बच्चों को दवा दी जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बच्चे किसी कारणवश आज दवा नहीं ले पाए हैं, उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों में एनीमिया, कुपोषण और कमजोरी का प्रमुख कारण बनता है। कार्यक्रम में हिमालयन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजेंद्र सिंह और राम कुमार की उपस्थिति रही। साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. भानु प्रताप, रामकुमार रागी, अक्षय शर्मा स्टेनो, योगेश त्यागी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अनुराधा बीपीएम, अनीता सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गैस-डीजल की कालाबाजारी का भंडाफोड़, सिलेंडर व डीजल बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पावटी कला में राजस्व और खाद्य पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर गैस और डीजल की कालाबाजारी का खुलासा किया है। टीम ने एक घर से बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर और सैकड़ों लीटर डीजल बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार कार्रवाई मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई। कैराना नायब तहसीलदार सतीश यादव राजस्व टीम और खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ गांव पावटी कला में पहुंचे और गांव निवासी सतेंद्र कुमार पुत्र धूम सिंह के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान वहां से घरेलू उपयोग के कई गैस सिलेंडर और ड्रमों में भरा सैकड़ों लीटर डीजल बरामद हुआ। टीम ने मौके पर ही समस्त सामान को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से गैस सिलेंडर और डीजल की कालाबा. जारी में संलिप्त हैं। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू गैस और डीजल को अवैध रूप से एकत्र कर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। अपर जिलाधिकारी सतएंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई थी। जांच में अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर आरोपी सतेंद्र कुमार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3\7 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डीएम ने किया सौंदर्य कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदईकरण कार्य को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में सौंदईकरण एवं वृक्षारोपण से संबंधित प्रस्तावित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर उपयुक्त पौधे, हेज एवं घास की रोपाई कर परिसर को हरित एवं आकर्षक बनाया जाए। डॉ. ओंकार सिंह ने परिसर में फलदार, अलंकृत, औषधीय गुणों वाले एवं छायादार पौधों के साथ सामाजिक वानिकी से जुड़े वृक्ष लगाने की योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्कों में हरी घास लगाने एवं पौधरोपण के लिए चिन्हित स्थानों के संबंध में डीएम को अवगत कराया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि नवीन कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदईकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे परिसर का वातावरण और अधिक स्वच्छ व हरित बनाया जा सके।

# तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, हालत गंभीर, चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कांधला अड्डे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गांव बन्तीखेड़ा निवासी नितिन कुमार ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि विगत 4 फरवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने ससुर राधेश्याम और परिचित गुलशेर मेहरबान के साथ दो बाइक से ससुराल से कस्बा कैराना स्थित कांधला अड्डे पर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान कार संख्या एच् आर 01 एएच 7222 (ह्युंडई i10) ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे उनके ससुर राधेश्याम कार के नीचे आ गए। परिजनों का कहना है कि वे तुरंत दौड़कर बुजुर्ग को कार के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। चालक की उम्र करीब 16-17 वर्ष बताई जा रही है। सूचना पर 108 एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल के शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं कर रहा है और अन्य गंभीर चोटें भी आई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वाहन की पहचान कर आरोपी चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक हुआ गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के गोहरनी पेट्रोल पंप के निकट कार चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी अभी तक शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बुधवार को क्षेत्र के भैंसवाल रोड स्थित गांव गोहरनी के निकट पेट्रोल पंप के सामने एक तेज गति से आ रही कार सवार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और सिर जमीन में लगने से वह बेहोश हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके पर कार छोडकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन युवक के होश में न आने पर उसकी शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस ने बताया कि बाइक बिना नंबर की थी तो उसके आधार पर भी युवक की शिनाख्त नही हो पा रही है। कार को कब्जे में ले लिया गया है।

# डीएम का निरीक्षण: घर-घर पहुंचकर बच्चों का कराया टीकाकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जनपद में संचालित नियमित टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से जिला अधिकारी ने बुधवार को थानाभवन क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली, टीकाकरण की प्रगति और अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ नोडल अधिकारी डॉ। अथर जमील, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीत्र्ञ अधीक्षक डॉ। सुनील, डॉ। आसिफ, युवा जन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डीएमसी डॉ। तरन्नुम, बीपीएम सहजेब खान सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ परिवारों के बच्चे अभी तक नियमित टीकाकरण से वंचित हैं। इस पर जिला अधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्वयं स्वास्थ्य टीम के साथ ऐसे परिवारों के घर पहुंचकर परिजनों से संवाद किया। उन्होंने अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभ और अफवाहों से दूर रहने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अधिकारियों एवं चिकित्सकों की समझाइश के बाद तीन परिवारों के बच्चों का मौके पर ही टीकाकरण कराया गया। जिला अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और इसके लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाए।

उन्होंने टीकाकरण अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही स्वास्थ्य टीम एवं युवा जन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। आसिफ तथा उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से ही शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस दौरान राव वसीम, समस्त आशा कार्यकर्ता एवं गांव के सम्मानित नागरिक भी उपस्थित रहे। जिला अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं और अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान जनपद में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ईंट भट्टों पर स्वास्थ्य टीम पहुंची

**नगीना।** नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने क्षेत्र के ईंट भट्टों पर शिविर लगाये। इस दौरान मजदूरों और महिलाओं को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को कुष्ठ रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सीएचसी नगीना के चिकित्सा प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है और न ही यह स्पर्श करने से फैलता है। उन्होंने सलाह दी कि यदि शरीर पर किसी प्रकार का सफेद या हल्के रंग का दाग दिखाई दे, या किसी अंग में सुन्नता महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। डॉ. विशाल दिवाकर ने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज पूरी तरह संभव है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। समय पर उपचार से रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है और समाज में किसी प्रकार की भ्रांति या भेदभाव की आवश्यकता नहीं है।

## 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुधवार को नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मोहल्ला रायजादगान स्थित हीरा लाल शिव मंदिर परिसर में किया गया। शिविर के शुभारंभ से पूर्व स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। इसके बाद प्राचार्य प्रो। डॉ। बृजभूषण के नेतृत्व में सभी स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें, उठें का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो। डॉ। बृजभूषण ने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस का लक्ष्य गीत ही शिविर के उद्देश्यों को दर्शाता है, जो समाज सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाओं को चेतना, विचार, पवित्रता और निष्काम भाव से लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, तभी समाज और राष्ट्र का विकास संभव है।शिविर के द्वितीय सत्र में राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉ। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तिगत गुणों को निखारकर स्किल डेवलपमेंट किया जा सकता है। कुकिंग, कम्युनिकेशन, टूर एंड ट्रैवल गाइड जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकसित कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर भी बना जा सकता है।विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## एक नजर

### नाई की दुकान में घुसकर युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अफगानान स्थित शिव मंदिर के पास एक नाई की दुकान पर शेविंग कराने गए युवक के साथ आधा दर्जन अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी अशोक पुत्र पूरण कश्यप के अनुसार वह 31 जनवरी की शाम करीब 6:50 बजे शाहनवाज की दुकान पर शेविंग कराने गया था। वह दुकान में कुर्सी पर बैठा ही था कि तभी 5-6 युवक बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी तीन दिन के भीतर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के दौरान दुकान संचालक शाहनवाज भी मौके पर मौजूद था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### घर के पानी को लेकर चाचा-भतीजे में मारपीट, धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मगलपुर में घर के पानी की निकासी को लेकर चाचा-भतीजे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद मारपीट और गाली-गलौज की गई। पीड़ित ने थाना कैराना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव मगलपुर निवासी छोटा पुत्र मोना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8रू30 बजे उसके घर के सामने पानी निकालने को लेकर उसके भाई के लड़के सुरेश पुत्र लोटाराम और उसके पुत्र अंकुश ने उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धमकाया। पीड़ित के अनुसार, जब उसका पुत्र सजीव कुमार उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी देख लेने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर गांव के सुभाष पुत्र सुखवीरा ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ऋषि बोध उत्सव के चौथे दिन वैदिक भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्यसमाज मंदिर शामली द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के चतुर्थ दिवस पर बुधवार को गौशाला रोड स्थित आर्य समाज के मंत्री नितिन वर्मा के आवास पर वैदिक भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुआ, जिसे यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। कार्यक्रम में आर्य जगत के भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने अपने प्रवचन में वेदों की वैज्ञानिकता, मानव जीवन में संस्कारों के महत्व तथा नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्गदर्शन करने वाले ज्ञान-स्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं को अपनाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर संरक्षक रघुवीर सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजपाल सिंह आर्य, दिनेश आर्य, देवेंद्र आर्य, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, डॉ. रविंद्र तोमर, डा. सतेंद्र वर्मा, वेदप्रकाश आर्य, मुकेश चौधरी, सहदेव चौधरी, राजेंद्र स्वामी, जगमेहर सिंह निर्वाल, राजीव धीमान, विनीत चौधरी, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, सुंदर लाल आर्य, सुभाष धीमान, नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरीडोर एक्सप्रेस-वे से प्रभावित हैं किसान

**शामली।** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरीडोर एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिल्ली-देहरादून इको कॉरीडोर किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष ठाकुर वीर सिंह एवं सचिव विदेश मलिक ने बताया कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान जनपद के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसके बाद कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं।

किसानों ने मांग की कि हाईवे से उतरने वाले वर्षा के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि खेतों को नुकसान न पहुंचे।ज्ञापन में अंडरपास एवं बीयूबी के पास खाली स्थानों को फाइबर सीट से कवर कराने, बॉक्स कलवर्ट में जलभराव रोकने, किसानों के लिए कटिंग रोड की व्यवस्था करने तथा विभिन्न स्थानों पर सिंचाई के लिए पक्की नाली बनवाने की मांग की गई है। इसके अलावा नहर की नाली में छोटे पाइप डलवाने, अंडरपास में आरसीसी सड़क का पुनर्निर्माण कराने तथा लॉजिस्टिक एरिया से बाबरी-कांडी मार्ग तक सर्विस रोड की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने डीएम से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान से किसानों को राहत मिलेगी और खेती कार्य प्रभावित नहीं होगा।

# बच्चों ने बनाए सुंदर विज्ञान मॉडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरती देवी राजा राम पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से लेकर ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हुए विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में नवीकरणीय ऊर्जा, पवनचक्की, प्रकाश संश्लेषण, सिंचाई प्रणाली, जल संचयन, मानव कंकाल, चुंबकीय ट्रेन, मानव हृदय एवं गुर्दा, बायोगैस संयंत्र, रक्त जांच प्रणाली, ड्रिप इरिगेशन, जल शुद्धीकरण, वर्षाजल संचयन, डिजास्टर मैनेजमेंट, प्रदूषण नियंत्रण, चुंबकीय उत्तोलन, भूकंपमापी यंत्र, यातायात प्रणाली, विद्युत दुर्घटना निवारक प्रणाली, स्वचालित अग्निशामक यंत्र, कंप्यूटर नेटवर्किंग, रोबोट, बैंकिंग मशीन, सोशल मीडिया लैपटॉप सहित अनेक वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्रों से मॉडलों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ उत्तर दिया। उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और वैज्ञानिक समझ की सराहना की।

## कांवड़ियों को 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**नगीना।** कांवड़ियों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं। इनमें डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनके अलावा सरकारी अस्पताल में आवश्यकतानुसार बेड रिजर्व किए गए हैं और विशाल पंडाल की व्यवस्था भी की गई है। कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो गई है। हालांकि नगर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की भीड़ अभी कम है। स्वास्थ्य विभाग ने दो जगह चिन्हित कर स्वास्थ्य कांवड़ शिविर लगा दिए हैं। इन कांवड़ स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। शिविर में कांवड़ियों को 24 घंटे की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए डॉक्टरों, फार्मासिस्टों और कर्मचारियों को अलग-अलग शिफ्टों में तैनात कर दिया है। बुंदकी-बढ़ापुर तिराहा, गौसपुर चौराहा और नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल यूनिट खड़ी रहेंगी। स्वास्थ्य कांवड़ शिविरों पर निगरानी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।



# चुनाव में एक नाम तय कर समर्थन देने की बनी रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधान सभा क्षेत्र के गांव जलालपुर में परशुराम राष्ट्रीय परिषद के जिला मंत्री एवं पूर्व चेयर मेन ब्रह्मपाल शर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में समाज को मजबूत करने, एकजुट रहने और आगामी चुनावों में सामूहिक निर्णय के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। बैठक में गांव के वर्तमान प्रधान अरविंद शर्मा, समाज के वरिष्ठजन और अनेक जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे परशुराम राष्ट्रीय परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज शर्मा ने समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज की स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए आवश्यक है कि सभी लोग मिलकर एक दिशा में आगे बढ़ें।


सूरज शर्मा ने कहा कि जिले में ब्राह्मणों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है, समाज का कोई ठोस नेतृत्व दिखाई नहीं देता। आने वाले चुनावों में यदि समाज का कोई भी व्यक्ति किसी विभाग से चुनाव लड़ता है, तो समाज संयुक्त रूप से एक बैठक कर एक नाम का चयन करे और तन-मन-धन से उसी उम्मीदवार को मजबूती प्रदान की जाए। बैठक के दौरान मंच पर मौजूद समाज के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए एकता, भाईचारा और सामाजिक मजबूती पर जोर दिया। समाज को उत्साहित व संगठित करने वाले विचारों का सभी प्रतिभागियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ अतिथि अर्जुन पंडित द्धरीवात्र्ञ, जिला अध्यक्ष रजनीकांत चौबे द्धशामलीत्र्ञ, जिला महासचिव मोहित शर्मा (बंदौर), जिला सचिव कमल शर्मा उर्फ आशु शर्मा (सिलवर), युवा जिला सचिव दीपांशु वशिष्ठ, अभिषेक शर्मा, अनमोल शर्मा, विश्व शर्मा, सोनू शर्मा सहित अन्य पदाधिक. ारी शामिल रहे।

# बजट में व्यापारियों की अनदेखी से व्यापारियों में निराशा: जीडी गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशअध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री माननीय सुरेश खन्ना जी के द्वारा पेश किए गए 20 26- 27 के बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि इस बार भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 9 लाख 12000 करोड रूपए के बजट मे प्रदेश के व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए एक भी पैसे का अनुदान नहीं रखा गया है व्यापारियों की अनदेखी की गई है व्यापारियों को केवल हर वर्ष की भांति निराशा हाथ लगी है प्रदेश का व्यापारी गत 4 वर्षों से निरंतर अपनी समस्याएं एवं मांगे प्रदेश सरकार के सम्मुख रखकर पूरी करने की मांग करता आ रहा है



**घनश्याम दास गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल)**

मगर प्रदेश सरकार व्यापारियों की ओर ध्यान नहीं दे रही है प्रदेश के व्यापारियों की ज्वलंत मांग रही है कि प्रदेश के 60 वर्ष से ऊपर के व्यापारी को 3000 माह की पेंशन योजना लागू की जाए तथा व्यापारी का जीवन दुर्घटना बीमा जो 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख किया जाए साथ ही व्यापारी के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर करने की मांग के साथ-साथ जीएसटी में सचल दल द्वारा व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न को देखते हुए जीएसटी विभाग में सचल दल प्रथा समाप्त करने की मांगे प्रमुख रूप से रही है मगर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में व्यापारी के हित में एक भी योजना को स्वीकृत नहीं किया है इससे व्यापारियों मे रोष है प्रदेश अध्यक्ष ने कहा इससे व्यापारियों में निराशा है कहा कि प्रदेश का व्यापारी अपने वोट की ताकत को पहचानता है आगामी वर्ष चुनावी वर्ष है अत: व्यापारियों में जोश भी है।

प्रदेश के व्यापारी अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने पर मजबूर होंगे व्यापार मंडल द्वारा मांगों के समर्थन में आंदोलन की घोषणा की रूपरेखा शीघ्र ही घोषित की जाएगी

ताकि प्रदेश सरकार व्यापारियों की अनदेखी न करके व्यापारियों की ज्वलंत मांगे मानने पर मजबूर हो क्योंकि प्रदेश में लगभग एक करोड़ व्यापारी है जिनका अनुमानित 4 करोड़ वोट बैंक है प्रदेश का व्यापारी अपनी मांगे बनवाने के लिए अपनी वोट बैंक की ताकत का भी इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा।

## उप्र केंद्र सरकार की तरह कर रही हवाई वादे



उत्तर प्रदेश में आज सरकार द्वारा बजट पेश किया गया जिसमे मुख्यत: नए वित्तीय वर्ष में 10 लाख रोजगार देने का वायदा किया गया है ।उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र की मोदी सरकार की नकल करते हुए एक हवाई वायदा किया है ।

पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा नए उद्योग लगाने के संदर्भ में लैंड ब्रेकिंग सेरेमनी तो हुई पर उद्योग नहीं लगे । नए रोजगार का वायदा बिल्कुल भ्रामक है । किसानों और मध्यम वर्गीय व्यवसाई के लिए बजट में कुछ नहीं है । कुल मिलाकर सरकार ने चुनावी रेवड़िया बांटने का प्रयास किया है जो उनकी नाकामियों को छिपाने में नाकाफी साबित होगा ।

**ओमप्रकाश शर्मा, सदस्य (उत्तर प्रदेश कांग्रेस)**

# एसएसपी का वनखंडी महादेव मंदिर व बरसी में निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** फाल्गुन मास महा. शिवरात्रि से पहले सरसावा के प्राचीन श्री बनखंडी महादेव मंदिर में सुरक्षा तैयारियों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने लिया जायजा- श्रद्धालुओं की सुविधा-पार्किंग-बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने शाहजहांपुर यमुना पुल तक निरीक्षण किया।

बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने सरसावा के नकुड़ रोड स्थित प्राचीन श्री बनखंडी महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया-फाल्गुन मास की महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर लगने वाले विशाल मेले को देखते हुए एसएसपी ने श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, पार्किंग स्थल, जलाभिषेक हेतु बनाई गई बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया - उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए- भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। जिसके बाद वह शाहज. हांपुर यमुना पुल तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया।।निरीक्षण के दौरान एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रुचि गुप्ता व मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**तीतरों।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गांव बरसी में पहुंचकर मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूर्व में थाना अध्यक्ष रहे प्रमोद कुमार को मेला इंचार्ज नियुक्त किया।

गांव बरसी के ऐतिहासिक शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के दिन तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों लोग आते है। मेले की सुरक्षा की व्यवस्था का जायजा देने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह मेला परिसर में पहुंचे।

मेला परिसर में पहुंचकर उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, जलाभिषेक के लिए बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, यातायात व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं तथा दुकानदारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए और पूर्व में थाना प्रभारी रहे प्रमोद कुमार को मेला इंचार्ज नियुक्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन, एसडीएम नकुड सुरेंद्र कुमार, सीओ गंगोह अशोक सिसोदिया, ग्राम प्रधान रजनीश चौधरी, प्रिंस, रजत, विनोद चौधरी आदि रहे।

# दीन के साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी : हाफिज हुसैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मदरसा तालीमुल कुरान कुरैशियान में सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें कुरान हाफिज करने वाले 12 बच्चों की दस्तारबंदी की गई तथा नाजरा कुरान मुकम्मल करने वाले 50 बच्चों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को रात्रि के समय मोहल्ला मजहर हसन स्थित मदरसा कुरैशियान में आयोजित सालाना जलसे के कार्यक्रम में ग्राम बुडिया हरियाणा प्रदेश निवासी हजरत पीर हाफिज हुसैन अहमद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने बयान में कहा कि सभी मुसलमान अपने बच्चों को दीन के साथ साथ दुनियावी तालीम भी जरूर हासिल कराये। उन्होंने सभी लोंगो से अपने बच्चों व खुद को नशे से दूर रहने की हिदायत की, उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी आदत है जो कि समाज को खोखला करने के साथ साथ समाज मे बिगाड़ भी पैदा करती है। हम सभी को चाहिए कि नशा तस्करी में लिप्त लोगों से सामाजिक तौर पर दूरी बनाएं। अपने बच्चों को विशेष निगरानी में रखें, उन्हें शिक्षित बनाये। जलसे के अंत में उन्होंने मुल्क की सलामती, अमनो अमान, खुशहाली, तरक्की एवं भाईचारे के लिए दुआ कराई।

इस मौके पर सूफी मोइनुद्दीन नाल्हेड़ा, मुफ्ती मौलाना मो. वासिल, मौलाना इनामुल्लाह कासमी मानकमऊ, मुफ्ती अब्दुल मोमिन कासमी, मौलाना गय्यूर हुसैन मजा. हिरी, मौलाना मुअव्वज इमाम जामा मस्जिद चिलकाना, मौलाना सनव्वर, कारी मसरूर, मौलाना अताऊररह्मान, मुफ्ती नदीम, कारी उस्मान, अब्दुल अजीज, हाजी इस्लाम, लियाकत अली प्रधान, इकराम लाला कुरैशी, सोनू मोहत. रम, यूनुस कुरैशी, महबूब, हाजी इमरान, गुल्लू, सलमान, हाजी हफीजुर्रहमान, सरफराज अली, सोनू कुरैश व मरगूब अंसारी आदि सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मंगलवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा-जागरूकता अभियान चलाया। एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम ने बाजार, बैंक, सीएचसी, सब्जी मंडी, मुस्लिम मार्केट, ज्योति करण चौराहा, तिराहा बेहट रोड और वृद्ध आश्रम जैसे सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद किया।

टीम में महिला हेड कांस्टेबल संगीता और महिला कांस्टेबल बबीता शामिल रहीं। अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं से उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन योजना, सुमंगला योजना तथा विभिन्न बाल कल्याण योजनाएं प्रमुख रहीं।

टीम ने बाल मजदूरी न कराने, गुड टच-बैड टच की पहचान, बच्चों की सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव पर भी जोर दिया। डिजिटल अरेस्ट, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक, साइबर फ्रॉड जैसी बढ़ती चुनौतियों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। अभियान के अंत में महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। स्थानीय महिलाओं ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की और कहा कि ऐसी मुहिम से समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** नगर निवासी युवक ने पड़ोसी परिवार पर मुखबिरी करने के शक में उसके व परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी शाहनवाज पुत्र इकराम ने अपने पड़ोसी परिवार पर आरोप लगाते हुए बताया कि पड़ोसी परिवार मोहल्ले में पुलिस से लुका छिप्पी करके स्मैक बेंचने का काम करता है, जिससे मोहल्ले में बाहरी नशेड़ी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। विपक्षी पीड़ित परिवार पर उसकी मुखबिरी करने का शक करते हैं, ओर इसी शक के चलते पीड़ित परिवार को हर रोज गाली गलौज व तरह तरह की धमकियां देते रहते हैं।

पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार को उसका छोटा भाई अपने घर से घेर में जा रहा था कि तभी विपक्षी युवक ने उसे देखते ही गाली गलौज शुरू कर दी।

# बाल विवाह जैसी कुरीति से बचने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में पुलिस टीम ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण और जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत थाना फतेहपुर की महिला पुलिसकर्मियों ने ग्राम हलवाना के प्राथमिक विद्यालय में विशेष शिविर लगाया।

इस अभियान के दौरान महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल बबीता महिला हेड कांस्टेबल संगीता और कांस्टेबल प्रीति ने स्कूल पहुंचकर वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों खासकर बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चियों के शारी. रिक और मानसिक विकास को रो. कता है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के अवसरों को भी छीन लेता है। कानूनी रूप से बाल विवाह निषिद्ध है और इसमें शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है।

पुलिस टीम ने बच्चों को समझाया कि लड़कियों की उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष से कम होने पर विवाह गैरकानूनी है अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा यदि आसपास कहीं बाल विवाह की योजना बन रही हो तो तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबर 1098/1090/181 पर सूचना देने की अपील की गई विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई बच्चों ने सवाल जवाब के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएं दूर कीं महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण है ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं ताकि बाल विवाह जैसी बुराइयों को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# दो बीएलए ने दिए शपथ पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले गांव दुमझेडी में बूथ संख्या 96 व 97 पर पुनरीक्षण 2026 निर्वाचक नामावली के अन्तर्गत फर्जी हस्ताक्षर करके भरे हुए फार्म संख्या 7 पहुंचने पर गांव निवासी दोनों बीएलए ने जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना शपथपत्र दिया है।


ज्ञात हो कि गांव दुमझेडी में बूथ संख्या 96 व 97 पर 680 ग्रामीणों के नाम से फार्म संख्या 07 भरकर आये थे। जिनके विरोध में दो दिन पहले समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप व पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा दुमझेडी गांव के बूथ संख्या 96, 97 पर पहुंचे थे। उन्होंने बूथ पर काटे का रहे वोटों पर ऐतराज जताते हुए विरोध किया था।

दोनों बूथों पर पहुंचे फार्म संख्या 07 पर बीएलए आजम व अरशद के फर्जी हस्ताक्षर होना बताया गया था। इस सम्बन्ध में आज शनिवार को बीएलए आजम अली पुत्र लतीफ निवासी ग्राम दुमझेडी व अरशद पुत्र इकराम निवासी ग्राम दुमझेडी ने सभी फार्मों पर उनके फर्जी हस्ताक्षर करके भेजे जाने की बात कही है।

इन दोनों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को शपथपत्र देते हुए बताया है कि उनके द्वारा किसी मतदाता के नाम पर कोई आपत्ति नहीं की गई है न ही फार्म संख्या 7 भरे गये हैं।

उन्होंने आगे बताया है कि एस आई आर प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति गांव छोड़कर नहीं गया और ना ही किसी भी मतदाता की मृत्यु हुई है। दोनों बीएलए ने उक्त प्रकरण की जांच कराये जाने व फर्जी हस्ताक्षर करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# स्वकर निर्धारण प्रपत्रों का मौके पर समाधान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज घण्टाघर स्थित व्यापार भवन पर जीआईएस सर्वे के अंतर्गत आ रही विसंगतियों के समाधान हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में भवन स्वामियों द्वारा स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर दिए गए, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी कैंप का निरीक्षण किया।

नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के अंतर्गत विसंगतियों में सुधार की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाने के नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुक्रम में आज घण्टाघर स्थित व्यापार भवन पर निगम के राजस्व विभाग द्वारा कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। सुधीर शर्मा ने बताया कि कैंप में 130 लोगों ने स्वतः प्रपत्र भरकर जमा कराये। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि 60 लोगों ने बिल के अंतर की धनराशि भी मौके पर ही जमा करायी। कुल एक लाख 45 हजार रुपये जमा किये गए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी व्यापार भवन पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया और विसंगतियों के समाधान की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा, महासचिव सुरेंद्र मोहन चावला, पूर्व पार्षद पुनीत चौहान व सुधीर मिगलानी आदि व्यापारियों ने नगरायुक्त का स्वागत किया और उन्हें व कर अधीक्षक को स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। कैंप में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र, सुशील कुमार, अंकित चौधरी, टीसी अंशुल गर्ग व अविनाश आदि रहे।

# कुरान हिफ्ज कराने वाले उस्ताद को बाइक भेंट की

**शहा टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मदरसे में पढ़ने वाले एक छात्र के पिता ने उनके बच्चे को कुरान हिफ्ज कराने वाले मदरसे के उस्ताद को उपहार में बाईक भेंट कर नगर में अनूठी मिसाल कायम की है।

नगर के मोहल्ला मजहर हसन स्थित मदरसा तालीमुल कुरान में सालाना इजलास का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे कुरान हिफ्ज करने वाले 12 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिम्मेदार व्यक्ति तथा सभी बच्चों के परिजन भी मौजूद थे। इस दौरान मोहल्ला मजहर हसन निवासी हाजी राशिद ने उनके बेटे हाफिज हमजा को कुरान हिफ्ज कराने वाले मदरसे के उस्ताद कारी उस्मान को स्प्लेंडर मोटरसाईकिल उपहार के तौर पर भेंट की। हाजी राशिद ने कहा कि कोई भी शिक्षक हो वह हमारे बच्चों को अच्छाई का रास्ता दिखाता है व बुराई के रास्तों से रोकता है। शिक्षक भी माता पिता की तरह बच्चों का ध्यान रखते है। उन्होंने कहा कि हमे चाहिए अपने बच्चों के शिक्षकों का समय समय पर हौंसला अफजाई करे। उन्होंने अपने पुत्र के उस्ताद यानि शिक्षक कारी उस्मान का हौसला बढ़ाने व शुक्रिया अदा करने के लिए उन्हें यह बाईक उपहार के तौर पर भेंट की है।

उन्होंने कहा कि वह शुक्रगुजार है पहले अल्लाह तआला के और बाद में कारी उस्मान के जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से उनके बच्चे को हाफिज बनाया।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय खंड संसाधन केंद्र पर परिषदीय विद्यालयों की प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिवों की एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीण क्षेत्र मे सरकारी विद्यालयों के शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार व शैक्षिक वातावरण तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में ए आर पी सुमित यादव, सुरेंद्र सैनी , संजय कुमार एवं सोनवीर द्वारा संदर्भदाताओं के रूप में विद्यालय स्तर पर समस्त विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं दायित्व, एवं अभिभावकों की सहभागिता व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी क्या भूमिका है पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से सोरेन सिंह, रविदत्त शर्मा, श्रीमती इंदु, श्रीमती प्रतिभा, श्रीमती बेबी, अर्जुन सिंह, श्रीमति उर्मिला सहल, श्रीमती रीता, नरेंद्र कुमार, श्रीमती यास्मीन, संजय उपस्थित रहे।

# अवैध चरस के साथ नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र द्वारा मादक पदार्थो की रोक थाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरअभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध चरस भी बरामद की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया है।

बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ चौकिंग कर रहे थे तो मुखबिर ने बताया कि एक युवक गघरो नदी के पुल के पास नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां खड़ा एक युवक फैजान उर्फ रूल्हा पुत्र जरीफ निवासी मौ0 सडकपार कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया तलाशी लेने पर उस के कब्जे से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई । बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा- 8/20 एनडीपीएस पंजीकृत कर लिए गया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कोतवाली बेहट मे पशु क्रूरता तथा गैंगस्टर अधिनियम मे पहले ही दो मुकदमे दर्ज है।

# नशा मुक्ति व दहेज प्रथा को लेकर निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गोचर कृषि इंटर कॉलेज रामपुर मनिहारान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सांचलू में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का विषय नशा मुक्ति और दहेज प्रथा रहा।

सर्वप्रथम योगाचार्य विश्वास ने स्वयंसेवको को योगाभ्यास कराया और योग के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम अधिकारी विकास चौधरी ने दहेज प्रथा के बारे में छात्रों को विस्तार से बताते हुए कहा कि दहेज प्रथा एक बहुत बड़ी सामाजिक बुराई है इसको हमें जड़ से खत्म करना चाहिए और हमें दहेज लेने और देने दोनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना चाहिए।राम कुमार ने स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि नशा एक भयंकर बीमारी है जो मनुष्य के शरीर को खोकला बना देता है और मनुष्य का आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ उसका समाज से सम्मान भी खत्म हो जाता है। सवयंसेवको द्वारा ग्राम सां. चलू में ष्दहेज प्रथा एवं नशा मुक्ति से सम्बंधित स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ में लेकर और नारो के माध्यम से एक रैली निकालीं उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय सांचलु के सामने स्थित तालाब के किनारे पर सफाई अभियान के अंतर्गत वृहत स्तर पर सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर रामकुमार, कुलदीप कुमार, आदित्य, अक्षित, नारायण, आशु, दीक्षित, हिमांशु, लवीश, लक्ष्य, निगम, नितिन आदि उपस्थित रहे।

## अश्लील हरकतों के दो आरोपी दबोचे

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के दतौली मुगल गांव में एक बार फिर कानून का डंका बजा।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस को अलर्ट कर दिया। वीडियो में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम अश्लील हरकतें करते दिख रहे थे वीडियो का संज्ञान लेते ही थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा ने तुरंत संज्ञान लिया और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने इस मामले में कुल 10 लोग आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें मुस्तकीम, मौफीक, शौकीन नाजमा दूसरा मुस्तकीम,शाद आशिक, गुलफान रिजवान और अलीजान सभी निवासी दतोली मुगल, थाना फतेहपुर शामिल हैं। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने तेजी से छापेमारी की और दो आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया।

# हत्या के प्रयास का वांछित हत्थे चढ़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार 4 फरवरी 2026 को वादिनी लाल्ली पत्नी अलीशान, निवासी ग्राम महमूदपुर जाटोवाला थाना मिर्जापुर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही लुकमान पुत्र अली हसन व अन्य लोगों ने रंजिशन उसके पति अलीशान तथा परिवार के सदस्य आलिम और इरफान पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मिर्जापुर मे मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह के नेतृत्व एस आई नरेंद्र सागर, सिपाही दीपक कुमार व पंकज कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अभियुक्त लुकमान निवासी महमूदपुर को खुशहालपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लाठी बरामद हुई।

थाना प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय मे पेश किया गया है।

# मुस्लिम सभासदों के त्याग पत्र पर कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत छुटमलपुर के 10 सभासदों ने विगत माह की 19 जनवरी को मुख्यमंत्री जनता दरबार में पंहुचकर अपने इस्तीफे सौंपे थे।

सभासदों ने नगर पंचायत प्रशासन पर विकास कार्यों में भागीदारी से वंचित रहने के कारण बताकर स्वेच्छा से त्यागपत्र दिए थे 10 सभासदों द्वारा दिए गए त्यागपत्रों को शासन ने मंडलायुक्त सहारनपुर को भेजकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी व अध्यक्ष शमा परवीन को सूचनार्थ प्रेषित करने के आदेशों के बाद अपर जिलाधिकारी ने अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों से जानकारी मांगी है पत्र में वार्ड 5 की रेशमा वार्ड 8 की दिलजहां परवीन वार्ड 12 के नवाब अंसारी, वार्ड 13 के आदिल अल्वी के नामों का उल्लेख त्यागपत्र देने वाले सदस्यों में है अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने बताया कि चारों सभासदों के त्यागपत्र संबंधी पत्र चेयरपर्सन शमा प्रवीण को तामील करा दिया गया है इसे आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया है दूसरी तरफ चार सभासदों के त्यागपत्र के संबंध में नगर में तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं जिन सभासदों के इस्तीफे सामने आए हैं वह चारों ही एक समुदाय के हैं इन चारों सभासदों का कहना है कि लखनऊ में सभी 10 सभासदों ने अपने त्यागपत्र मुख्यमंत्री के जनता दरबार में दिए थे। परंतु बाकी 6 सभासदों के त्यागपत्र कहां गए यह कौतूहल का विषय है बुधवार को नाराज सभासदों ने जिलाधिकारी सहारनपुर से त्याग पत्रों के संबंध में मिलकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है उन्होंने बताया कि यदि चारों सभासदों के इस्तीफे स्वीकार किए जाते हैं तो बाकी के 6 सभासद भी अपने त्यागपत्र प्रशासन को सौंप देंगे


**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर।**

पत्रांक 1549/स्वी. अनु. गेहूँ- हैण्ड / 2026-27 दिनांक ।। फरवरी, 2026

**'ई-निविदा विज्ञप्ति'**

मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु सहारनपुर सम्भाग में खाद्य विभाग के समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों के जिलाधिकारियों अनुमोदन उपरान्त गेहूँ क्रय केन्द्रों से क्रीत गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 17.02.2026 के साय 02:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता दिनांक 17.02.2026 के अपराह्न: 02:00 बजे तक टेण्डर अपलोड कर सकते है। तकनीकी निविदाएं उसी दिनांक 17.02.2026 को अपराह्न 04:00 बजे इस कार्य हेतु गठित ई-निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि / निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, संबंधित जिले के जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय एवं सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**( बी.सी. गौतम )**
**सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी,**
**सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर।**

# घर में घुसकर किया हमला


## मां, बेटा और तीन बेटियां हुई घायल, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रंजिश के चलते घर में घुसकर परिवार पर हमला कर मां, बेटा और तीन बेटियों को घायल कर दिया। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी फहमिदा की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बुधवार की शाम सहारनपुर निवासी भाई के ससुराल से करीब आधा दर्जन महिला पुरुष घर में घुस गए और रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने साथ लाए लाठी डंडों औ लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गई। इतना ही





नहीं बीच बचाव को आई बेटे बाबर और बेटी शाहीन, शीबा और हसीन की आंखों में मिर्च डाल दी और उनके साथ भी मारपीट भी। शोर मचाने पर आस पडोस के लोगों ने उन्हें बचाया। जिन्हें बाद में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

कासिमपुरा गांव निवासी कश्मीरी की 72 वर्षीय पत्नी छोटी घर के बराबर में स्थित घेर में किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह सड़क पर पहुंची पीछे से आई तेज गति बाइक ने उसे चपेट में लिया। इसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद चालक बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसे कब्जे में ले लिया गया है। चालक कौन है बाइक के नंबर से उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया पुरुस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन कर टैलेंट हंट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आफिया खान समेत सफल 25 प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे।

इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए अपर कमिश्नर भानू प्रताप यादव ने कहा कि टैलेंट हंट जैसी प्रतियोगिता छात्रों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती हैं। पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को सही दिशा देने का भी काम करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि वही बच्चे प्रतियोगिताएं जीतते हैं जो इनमें भाग लेते हैं। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डा. वकील अहमद ने बताया कि टैलेंट हंट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आफिया खान समेत दीपांशु सैनी, सफीना नाज, फरीहा, सुमैया, उत्कर्ष त्यागी, तनु, उम्मेमतुननिसा, अब्दुल रज्जाक व हुजैफा को सम्मानित किया गया




है। इस मौके पर प्रोफेसर तनवीर चिश्ती, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह, सचिव राकेश आर्य, इम्तिनान सिद्दीकी, विक्रम सिंह, प्रवीण मिश्रा, विजय गुप्ता, फौजिया खान, हेम सिंह, मुसर्रत, मधुबाला, बासित अली, इकराम अली आदि शामिल रहे।

# मदरसा छात्र शिक्षा को आगे बढाने का काम करें:अमीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मजहब इस्लाम को बदनाम करने की साजिशें हो रही है। लेकिन मुसलमानों को इस्लामी तालिमात पर चलते हुए अमन व शांति का संदेश देना चाहिए।

दारूल उलूम देवबन्द के उस्ताद मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अमीन ने मौहल्ला गुज्जरवाड़ा स्थित जामिया तुल कुदसियात लिलबनात में बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ पढाने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि इस्लामी तालिमात चलकर ही मुसलमान दीन व दुनिया में सफलता प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि मदरसा छात्रों को शिक्षा गृहण करने के बाद अपने अपने क्षेत्रों में युवओं को शिक्षित करने में अपना योगदान देना चाहिए। ताकि अशिक्षित युवओं को आपकी शिक्षा



से लाभ पहुंच सकें। दारूल उलूम वक्फ के उस्ताद मौलाना कारी वासिफ उस्मानी ने कहा इस्लामी तालिमात के अनुसार अपनी निजि जिंदगी को अपनाएं ताकि अपके व्यवहार से समाज में सुधार हो सके। उन्होने कहा कुरआन शरीफ के बताए रास्ते पर चलकर ही दीन व दुनिया में तरक्कि हासिल की जा सकती है। अंत में जामिया के मोहतमिम कारी आमिर उस्मानी ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मौलाना सैफुद्दीन, कारी इसरारूल हक, ताहिर हसन शिबली, काजी शफि, बदर आलम, साजिद अंसारी, सदाकत अली, खालिद उस्मानी आदि जामिया के उस्ताद व समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## दारुल उलूम निसवां बुखारी शरीफ का पढ़ाया अंतिम पाठ

**देवबन्द।** मदरसा दारुल उलूम निसवां में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 72 छात्राओं को सम्मानित किया गया।

ईदगाह रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत छात्र शुमाइला हाशिम की तिलावत-ए-कलाम पाक और आफरीन फरमान व शाजिया यूनुस की नात-ए-पाक से हुई। संस्था के जनरल मैनेजर मौलाना नजीफ अहमद अजहरी ने कहा कि धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज में एक नेक क्रांति लाना दारुल उलूम निसवां का मुख्य उद्देश्य है। संस्था इसी मकसद के लिए एक दशक से कोशिश कर रही है। संस्थापक मौलाना अब्दुल लतीफ कासमी ने छात्रों को बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाते हुए कहा कि समाज में जागरुकता लाने के लिए महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरुरी है। हमें इस्लाम की शिक्षाओं को गंभीरता से अपनी जिंदगी में उतारना होगा और देश में मुसलमानों के उज्ज्वल और खुशहाल भविष्य के लिए एक ठोस प्लान बनाना होगा। कार्यक्रम में ऑनलाइन की प्रबंधक अल्लामा बागजहां ने बताया कि इस वर्ष हाफिजा नईमा हनीफ, मनतशा गय्यूर, तंजीम अहसान, आफरीन, फरमान, सानिया इमरान, शमे युसूफ, आयशा, शहाबुद्दीन, शबाना, इमरान, निशा तूर, नाजशाह, शाजिया, शमे तसव्वुर, राहत, और जैसमीन ने आमिला कोर्स से ग्रेजुएट किया। इसमें अतिया कौसर भोपाल ने प्रथम, आयशा बैंगलुरु दिव्तीय और फिजा राजस्थानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को शॉल ओढ़ाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौलाना इब्राहीम कासमी, मौलाना जैनुद्दीन कासमी, मौलाना शकील कासमी, मुफ्ती उमर, मौलाना रफीउद्दीन, मौलाना गुफरान, अब्दुल रहमान सैफ आदि शामिल रहे।

# प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**देवबन्द।** यूनानी दिवस के उपलक्ष्य में देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज में चल रही प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यर्थियों को पुरूस्कृत कर प्रोतसाहित किया गया।



देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रांगण में आयोजित अंतिम दिन क्रिकेट, बैडमिंटन, पोस्टर मेकिंग, कैलीग्राफी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इनके अलावा नात, गजल व कव्वाली के मुकाबले में छात्र-छात्राओं ने समा बांध दिया। इस अवसर पर कमेटी चेयरमैन डा. हिलाल हमीद, प्राचार्य डा. मोहम्मद असलम, डा. मोहम्मद खालिद, डा. ताहिर हसन, डा. अब्दुल मोईद, डा. नासिर, डा. अब्दुल्लाह, डा. मोहतशिम, डा. नौमान ताहा, डा. रुमाना, डा. आयशा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



# जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को टीका लगाकर दी विदाई

**मुजफ्फरनगर।** एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित फेयरवैल पार्टी में जूनियर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ सीनियरस को टीका लगाकर उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें विदाई दी।

एसडी पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का टीका लगाकर अभिनंदन किया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसका प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसी श्रृंखला को आगे बढाते हुए कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए, जिसमें उन्होंने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार




प्रकट किया तथा विद्यालय की शिक्षा पद्धति और संस्कार को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यहाँ का सकारात्मक वातावरण उन्हें सदैव उत्साहित करता रहा। यहाँ व्यतीत किया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है, जिसे वे आजीवन संजोकर रखेंगे। विद्यालय निर्देशिका



श्रीमती चंचल सक्सेना जी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक रहने और आत्मविश्वास के साथ हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दृढ़ता, आत्मविश्वास और आशावाद सफलता कुंजी है विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना जी

**एसडी पब्लिक स्कूल में फेयरवैल पार्टी का आयोजन कर छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां**

ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनसे अल्बर्ट आइंस्टीन की एक प्रेरक कहानी साझा की जिससे कि शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ मजबूत मूल्यों को विकसित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला जा सके। उन्होंने प्रबंधन और विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और विद्यार्थियों से लक्ष्य के प्रति केंद्रित और शांत बने रहने का आग्रह किया। विद्यालय की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की भावपूर्ण विदाई की गई।

# किन्नरों की रकम हजम नहीं कर पाई पुलिस

**प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह पर गिरी गाज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किन्नरों के दो गुटों के बीच कल शहर कोतवाली परिसर में हुई मारपीट के मामले में एक गुट के 14 किन्नरों का शांति भंग करने के आरोप में चालान करना प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र सिंह को भारी पड़ गया। एसपी अभिषेक ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी को सस्पेंड कर दिया है।

गौरतलब है कि किन्नर रानी एवं झालू की किन्नर मुस्कान के गुटों के बीच पिछले काफी दिनों से वसूली के क्षेत्र को लेकर विवाद चला आ रहा है। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में भी गाड़ी में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। कल दोनों पक्ष शहर कोतवाली में विवाद के समाधान के लिए पहुंचे थे। इस बीच दोनों गुटों में जबरदस्त मारपीट हो गई थी। जिससे शहर कोतवाली में अफरातफरी मच गई थी। पुलिस ने बामुश्किल हालात को काबू में किया था। लेकिन पुलिस ने रानी गुट के खिलाफ कार्रवाई न कर नैना व शबनम गुट के 14 किन्नरों का शांतिभंग में चालान कर दिया था। रानी व उसके साथी किन्नरों को घर भेज दिया था। इसकी शिकायत एसपी अभिषेक से की गई थी। एसपी ने इसकी जांच सीओ सिटी से कराई। सीओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रानी पक्ष आक्रामक था, लेकिन उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। जबकि दूसरे पक्ष की रेशमा उर्फ शाहिद के गुट के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई। एसपी अभिषेक ने इस रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सौलंकी को सस्पैंड कर दिया है।

सूत्र बताते है कि पुलिस पर रानी पक्ष से लाखों रुपए लेने के आरोप लग रहे है। इसीलिए इस पक्ष के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## पुलिस ने रानी पक्ष पर कसा अब शिकंजा

**बिजनौर।** शहर कोतवाल धमेंद्र सौलंकी को सस्पैंड कर दिए जाने के बाद अब पुलिस ने रानी पक्ष पर भी शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने चांदपुर की चुंगी के समीप रहने वाली रानी किन्नर व उसकी आठ साथी किन्नरों को आज शाम शहर कोतवाली में बुला लिया। पुलिस के द्वारा इनका भी चालान किए जाने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि रानी पक्ष का भी शांति भंग में चालान किया जा रहा है।

# मैजिक वाहन गड्ढे में गिरा

**नहटौर।** हरिद्वार से कांवड़ियों को छोड़कर वापस लौट रहा एक मैजिक वाहन अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। जिसमें वाहन चालक और क्लीनर घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्यामपुर कॉलोनी काशीपुर, उत्तराखंड निवासी मैजिक वाहन चालक बंटी पुत्र प्रताप सिंह (34 वर्ष) तथा क्लीनर वीर सिंह पुत्र भगीरथ (30 वर्ष) सोमवार को वाहन द्वारा कांवड़ियों को छोड़ने हरिद्वार गए थे। मंगलवार की रात जब वह कांवड़ियों को हरिद्वार छोड़कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह नहटौर कोतवाली मार्ग स्थित ग्राम सीकरी बुजुर्ग के पास पहुंचे, तो उनके वाहन के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने की कोशिश में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे गड्ढे में जा गिरी। जिसमें चालक बंटी व क्लीनर वीर सिंह दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सूचना मिलने पर पहुंचे उनके परिजन उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाकर अपने साथ काशीपुर ले गए।

# पुलिस कर्मियों की अश्लील वीडियो की डिमांड बढ़ी

**हैड कांस्टेबल को भारी पड़ रही करतूत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रेहड़ थाने में तैनात रहे हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही की अत्यंत अश्लील वीडियो की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है। हर कोई यह देखना चाहता है कि आखिरकार वीडियो में क्या है?

गौरतलब है कि रेहड़ थाने में तैनात रहे हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही के बीच नाजायज संबंध है। हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही विवाहित है, इसके बावजूद इनके द्वारा खुल कर सैक्स किया जाता रहा है। हैड़ कांस्टेबल ने महिला सिपाही के साथ नग्न अवस्था में अत्यंत अश्लील वीडियो अपने मोबाइल से बनाने के दौरान यह कतई नहीं सोचा होगा कि उसकी हालत समाज में मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहेगी। अलग-अलग एंगल से बनाई गई यह सभी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी ने दोनों को सस्पैंड कर दिया है। यह तो सजा का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष सामाजिक है। इनकी अश्लील वीडियो की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है। हर कोई यह देखना चाहता है कि आखिरकार इस वीडियो में क्या है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। रेहड़ सहित पूरे जनपद और विभिन्न विभागों में इस वीडियो को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर लोगों के बीच यह वीडियो पहुंच चुकी है। अब यह पुलिसकर्मी शायद जनपद में रहना पसंद नहीं करेंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** थाना क्षेत्र के सैदपुर चौराहे पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ माफी निवासी मुनाजिर (25 वर्ष) अपने दोस्त शहजाद के साथ एक शादी समारोह से बाइक द्वारा लौट रहे थे। शाम के समय जब उनकी बाइक सैदपुर चौराहे के पास पहुंची, तभी मुरादाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार प्रिजनर वैन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनाजिर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल

**शादी समारोह से लौटते वक्त हादसा**

उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद वैन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने वैन को मौके से निकलने का अवसर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **मौ0 इशित्याक** और पुत्रवधू **अलीशा** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौहम्मद इखलाक पुत्र मौहम्मद शकूर**, निवासी- मौहल्ला हशमत कालोनी गली नंबर 3 खाताखेडी थाना मण्डी जिला सहारनपुर।

# मदरसा तहजीबुल अंगदपुर में दस्तारबंदी

**अफजलगढ़।** ग्राम अंगदपुर में मदरसा तहजीबुल कुरआन के जेरे अहतमाम एक अजीमुल शान इस्लाह ए मुआशरा व दस्तारबंदी इजलास का इन्एकाद किया गया। जलसे को खिताब करते हुए मदरसा जियाउल उलूम जसपुर (उत्तराखंड) के नाजिम मारूफ अलमे दीन मौलाना मौहम्मद अखलाक कासमी ने कहा कि कुरआन ए करीम सारी इंसानियत के लिए रसद व हिदायत का जरिया है, जिसको अकीदत मौहब्बत के साथ देखना भी बाअस ए सवाब है। जिसको पढ़ना और एहकामात पर अमल करना हर इंसान के लिए लाजमी है। ए मुसलमानों अगर इंसा. नियत की फलाह चाहते हो तो कुरआन ए करीम के मायने और मतलब को समझते हुए उसके पैगाम को हर खास शाम तक पहुंचाओ मौलाना मौहम्मद अखलाक ने कहा कि दुश्मनाने इस्लाम ने कुरआन ए करीम को मिटाने के लिए हत्ता अल इमकान कोशिश की, लेकिन जिसका मुहाफिज अल्लाह हो उसको कोई नहीं मिटा सकता, और इसका फैज कयामत तक इंसानों के लिए जारी वह सारी रहेगा।

बुजुर्ग आलमें दीन जमीयत उलेमा ए हिंन्द उत्तर प्रदेश के साबिक सदर मुफ्ती अब्दुल रहमान ने अपने सदारति खिताब में कहा की हाफिज का इकराम व मर्तबा बहुत ऊंचा होता है। हुफ्फाज ए इकराम को अकीदत और मोहब्बत की नजरों से देखने और उनके मुआविनत करने वाले आला दर्जे के लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि एक हाफिज कुरान की सिफारिश पर खुदावन्द ताअला 10 ऐसे अफराद को जिनके लिए जहन्नुम फर्ज हो चुकी होगी। उनको हुकमे खुदाबांदी जन्नत में दाखिला दिया जाएगा।

दुनिया व आखिरत में सुरखरूई हासिल करना चाहते हो, तो उसके लिए उलेमा ए इकराम की मौहब्बत इख्तियार करें उनसे दीन की बातों को समझें और फिर उन पर अमल करें, प्रोग्राम में हिफ्ज कुरआन मुकम्मल करने वाले तीन तुलाबा हाफिज मौहम्मद अरमान, हाफिज मौहम्मद अजीज, हाफिज मौहम्मद हुजैफा की उलमा ए इकराम ने दस्तारबन्दी की और उनको नेक दुआओं से नवाजा गया।

# बेटी की शादी के लिए घर-बार गिरवी रखने की नौबत

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव मटौरा दर्गा में रहने वाले एक गरीब परिवार की जिंदगी इन दिनों बेटी की शादी की चिंता में उलझ गई थी। सीमित आमदनी और बढ़ती महंगाई के बीच बेटी की शादी का खर्च उठाना परिवार के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा था। हालात ऐसे बन गए थे कि परिवार अपने सिर की छत और जमीन तक गिरवी रखने पर मजबूर हो गया। मजबूरी का फायदा उठाने के लिए कुछ लोगों ने जमीन गिरवी रखने के बजाय बैनामा कराने का दबाव बनाया, जिससे परिवार और भी ज्यादा डर व असमंजस में पड़ गया। एक तरफ बेटी की शादी की जिम्मेदारी, दूसरी ओर भविष्य में बेघर हो जाने का डर जैसे-जैसे बारात की तारीख नजदीक आती गई, घर में चिंता का माहौल और गहराता चला गया। माता-पिता, भाई और भाभी बेटी की विदाई को लेकर भीतर ही भीतर टूटते जा रहे थे। रोजाना यही सोचकर आंखें भर आती थीं कि कहीं बेटी की शादी के नाम पर पूरा परिवार सड़क पर न आ जाए। इसी बीच किसी परिचित ने सलाह दी कि धामपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि से संपर्क किया जाए। हालांकि परिवार इस बात को लेकर असमंजस में था कि उनका गांव दूसरे विधानसभा क्षेत्र में आता है, ऐसे में मदद मांगना कहीं गलत न समझ लिया जाए। काफी सोच-विचार के बाद बेटी की भाभी ने साहस जुटाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह से संपर्क किया। धोखाधड़ी की आशंका को देखते हुए नीरज प्रताप सिंह ने पहले स्थानीय स्तर पर जानकारी की पुष्टि कराने को कहा। नजदीकी गांव नवादा निवासी प्रताप सिंह ने पूरे मामले की सच्चाई से उन्हें अवगत कराया। परिवार की बदहाली और बेटी की शादी की मजबूरी की जानकारी मिलते ही नीरज प्रताप सिंह भावुक हो गए और बिना देर किए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बारात गुरुवार को आनी थी। मंगलवार शाम तक मदद न पहुंचने पर परिवार को फिर चिंता सताने लगी कि कहीं आखिरी वक्त पर उम्मीद टूट न जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHADAB से बदलकर SHADAB KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHADAB KHAN नाम से ही जाना जाये

SHADAB KHAN
W/O AZMATULLAH
KHAN MOHALLA
PATHANPURA DEOBAND
SAHARANPUR U.P

# उम्मीद व जिम्मेदारी के साथ उतरेगा भारत



- टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन होने के नाते उम्मीद और जिम्मेदारी दोनों लेकर उतरेगा। अमेरिका के खिलाफ उनके शुरुआती मैच ने सभी को याद दिलाया कि टी-20 क्रिकेट, भारत जैसी टैलेंटेड टीम के लिए भी, मुश्किल हो सकता है। एक समय, भारत 77 रन पर 6 विकेट खो रहा था, ऐसी पिच पर जिसमें टेक्निक, टेम्परामेंट और टैक्टिकल अवेयरनेस की जरूरत थी। यह एक ऐसी हार हो सकती थी जिससे टीम का कॉन्फिडेंस डगमगा जाता, लेकिन ऐसे पलों में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी मौके का फायदा उठाते हैं। वह खिलाड़ी, एक बार फिर, सूर्यकुमार यादव थे। 48 गेंदों पर उनकी नाबाद 84 रन की पारी टाइमिग, कॉन्फिडेंस और कंट्रोल्ड एग्रेशन का मास्टरक्लास था। सूर्यकुमार का हर शॉट सोचा-समझा लेकिन हिम्मत वाला था, हर बाउंड्री याद दिलाती है कि वह दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक क्यों बन गए हैं। उन्होंने न सि र्फ भारत को मुश्किल से बचाया, बल्कि मोमेंटम को पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दिया, जिससे पता चला कि जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वे जम्मिेदारी लेने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। बॉलिंग ने भी भारत की गहराई और खुद को ढालने की काबिलियत दिखाई। चोटिल हर्षित राणा की जगह देर से आए मोहम्मद सिराज ने शुरू में ही विरोधी टीम पर दबाव डाला, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने बीच के ओवरों में दबाव बनाकर रन बनाने के मौके कम किए। यह दबाव में मिलकर किया गया प्रदर्शन था, और इस लेवल का प्रदर्शन भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट देता है क्योंकि वे नाम. ीबिया का सामना कर रहे हैं, जो इस लेवल पर खुद को साबित करने के लिए बेताब टीम है। नाम. ीबिया इस मुकाबले में अपने सामने मौजूद चुनौती को जानते हुए उतरेगा। नीदरलैंड्स से उनकी शुरुआती हार ने उम्मीद और सुधार की जरूरत वाले एरिया, दोनों को दिखाया। टॉप-ऑर्डर के बैट्समैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जान फाइलिक ने संयम और स्किल दिखाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करता रहा, और जरूरी मौकों पर विकेट गिरे। भारत के खिलाफ, नामीबिया को शुरू से ही अग्रेसिव होना होगा, समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी पार्टनरशिप बनानी होगी जिससे वे एक मुश्किल टोटल बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके बॉलर्स को इंडिया की गहराई और क्वालिटी के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी, और उनके फील्डर्स को आसान रन और छूटे हुए मौकों को रोकने के लिए अलर्ट रहना होगा। अगर नामीबिया डिफेंडिग चैंपियन को मुश्किल में डालना चाहता है तो डिसिप्लिन और फोकस बहुत जरूरी होगा। दिल्ली की पिच से पेसर्स को शुरुआत में मदद मिलेगी लेकिन लाइट्स में स्ट्रोक्स के लिए आसानी होने की उम्मीद है। टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा - इंडिया अपने एक्सपीरियंस और कंपोजर से, और नामीबिया अपने एम्बिशन और भूख से। सभी की निगाहें एक बार फिर सूर्यकुमार पर होंगी, जिनकी अकेले दम पर गेम बदलने की काबिलियत बेजोड़ है, लेकिन नामीबिया के खास परफॉर्मर्स को भी अपनी छाप छोड़ने के मौके मिलेंगे। कल एक्सपीरियंस बनाम एम्बिशन, स्किल बनाम भूख, और स्ट्रैटेजी बनाम इंस्टिंक्ट का एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भारत अपनी बादशाहत दिखाने की कोशिश करेगा।

# आसिफ नजरुल का अजीब यू टर्न



- कहाः खिलाड़ियों और बीसीबी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बॉयकॉट का फैसला किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने अपने पहले के रुख से एक अजीब यू-टर्न लेते हुए कहा कि चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा न लेने का फैसला क्रिकेटरों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था, न कि सरकार ने।

आसिफ की बातें अजीब हैं, क्योंकि इससे पहले 22 जनवरी को, अंतरिम सरकारी सांसद ने जोर देकर कहा था कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट छोड़ने का फैसला सरकार का था। आसिफ 22 जनवरी को क्रिकेटरों से मिले थे, जब लिटन दास ने बताया था कि खिलाड़ी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने को लेकर किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं थे। उस मीटिंग के बाद, आसिफ ने मीडिया को बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बताया था। यह मीटिंग एक ब्रीफिंग जैसी लग रही थी, जहां खिलाड़ियों को प्रोसेस में शामिल करने के बजाय फैसले के बारे में बताया गया था। आसिफ ने 22 जनवरी को रिपोर्टर्स से कहा कि मीटिंग का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया और उन्हें कॉन्टेक्स्ट बताना था। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था - और कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें प्ब्ब से इंसाफ नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। हालांकि, आसिफ ने मंगलवार को कई लोगों को हैरान कर दिया जब उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में नहीं खेलने का फैसला सरकार ने नहीं, बल्कि बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था। आसिफ ने मंगलवार को रिपोर्टर्स से कहा कि वर्ल्ड कप न खेलने का कोई अ फसोस नहीं है। यह फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने लिया क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्जत की रक्षा के लिए कुर्बानी दी है। आसिफ ने फिर कहा कि वह आईसीसी के जवाब से खुश हैं और कहा कि ग्लोबल बॉडी आने वाले दिनों में बांग्लादेश के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कहा है कि कोई बैन नहीं होगा और बांग्लादेश को एक इंटरनेशनल टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए कंसीडर किया जाएगा। यह एक शानदार अचीवमेंट है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सलाम करता हूं। ऐसा माना जाता है कि आसिफ ने वर्ल्ड कप से दूर रहने के बांग्लादेश के फैसले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें जुलाई 2025 में स्टूडेंट मूवमेंट के बाद सत्ता में आने के बाद अंतरिम

# अश्विन ने उस्मान तारिक के विवादित एक्शन का बचाव किया

- बॉलिंग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिंग सेंटर में ही तय की जा सकती हैः अश्विन

**नई दिल्ली, वार्ता।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक का सपोर्ट किया, जिनके बॉलिग एक्शन ने यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ पाकिस्तान की 32 रन की जीत के बाद चर्चा छेड़ दी है।

28 साल के इस खिलाड़ी का बॉलिग एक्शन अमेरिका को रोकने में अहम साबित हुआ, लेकिन उनके अनोखे एक्शन, जिसमें रन-अप में एक खास रुकावट और साइड-आर्म रिलीज शामिल है, ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनकी आला. ेचना हुई। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया कि बॉलिग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिग सेंटर में ही तय की जा सकती है। अश्विन ने कहा कि सबसे पहले, उनके एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी बॉलिग एक्शन टेस्टिग सेंटर में ही टेस्ट की जा सकती है,ष् और कहा कि 15-डिग्री एल्बो एक्सटेंशन नियम को मैच के दौरान ऑन-फील्ड अंपायर सही तरीके से नहीं आंक सकते। उन्होंने इस मुद्दे को ग्रे एरिया बताया और कहा कि बिना सही टेस्टिग के किसी बॉलर पर आरोप लगाना गलत होगा। डिलीवरी स्ट्राइड में रुकावट पर, अश्विन ने कहा कि अगर यह बॉलर के रेगुलर एक्शन का हिस्सा है तो यह लीगल है। पहले, इंडिया के विकेटकीपर बैटर श्रीवत्स ने हालांकि, इस रुकावट पर सवाल उठाया।

टी-20 विश्व कप : शून्य से अस्पताल तक का सफर

# अभिषेक ने भारत को मुश्किल में डाला



- अभिषेक शर्मा को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** टूर्नामेंट के पहले मैच में पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से लेकर कुछ ही दिनों में अस्पताल के बिस्तर पर जाने तक, अभिषेक शर्मा के टी-20 वर्ल्ड कप के सफर ने एक अचानक और नाटकीय मोड़ ले लिया है, जिससे गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले भारत के सामने सिलेक्शन की नई पहेली खड़ी हो गई है। भारत के इस युवा ओपनर को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पिछले दो दिनों से वह मेडिकल निगरानी में हैं। बीमारी का सही कारण पता लगाने के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं, और उनके डिस्चार्ज होने पर अभी भी शक है, जिससे नाम. ीबिया मैच के लिए उनके उपलब्ध होने पर गंभीर शक है।

अभिषेक की तकलीफ सबसे पहले मुंबई में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान सामने आई थी, जहां वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी अमे. रिका के असफल चेज के दौरान मैदान पर नहीं लौटा, असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने बाद में पुष्टि की कि वह पेट में कीड़े से जूझ रहा है। मैच के बाद टेन डेशकाटे ने कहा था कि अभि के पेट में अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। हमें उम्मीद है कि वह दो दिन में गेम के लिए अवेलेबल हो जाएगा। अभिषेक के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद, इंडिया का थिक टैंक टूर्नामेंट के इस अहम स्टेज पर अपने ओपनिग कॉम्बिनेशन को फिर से देखने के लिए मजबूर है। संजू सैमसन टॉप ऑर्डर में एक पोटेंशियल रिप्लेसमेंट के तौर पर उभर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ कम स्कोर बनाने के बाद ईशान किशन को पहली पसंद के ग्लवमैन के तौर पर अपनी जगह गंवा दी थी, लेकिन अब वह फिर से रेस में आ सकते हैं। टेन डेशकाटे ने कहा था कि हम किसी भी चीज से ज्यादा अभि की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और इससे, फिर से, कुछ अलग कॉम्बिनेशन खुलेंगे। उन्होंने टैक्टिकल एडजस्टमेंट पर विचार किए जाने का इशारा किया। हालांकि अभिषेक की स्थिति एक झटका है, लेकिन भारत को दूसरे मोर्चों पर अच्छी खबर मिली है। पेस स्पीयरहेड जसप्रीत बुमराह, जो बीमारी के कारण अमेरिका मैच से चूक गए थे।

# देहरादून ने गंवाया रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी का मौका

**देहरादून, वार्ता।** बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर ने उत्तराखंड में देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा करने के बाद मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यहां के मैदान की हालत को बेहद निराशाजनक बताया है। इससे यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी को लेकर झटका लगा है। क्यूरेटर राक. ेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड का स्तर इतना खराब है कि यहां सेमीफाइनल जैसा महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित नहीं किया जा सकता। बीसीसीआई की निरीक्षण टीम के अनुसार, ग्राउंड का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसके चलते इसे उच्च स्तरीय क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब यह मैच उत्तराखंड के बजाय उत्तर प्रदेश में शिफ्ट होने की पूरी संभावना है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीआई अब इस सेमीफाइनल को कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क या लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इस घटनाक्रम ने राज्य के खेल प्रेमियों और क्रिकेट विशेषज्ञों को गहरे असमंजस में डाल दिया है। एक क्रिकेट विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उत्तराखंड के लिए अपनी खेल सुविधाओं को प्रदर्शित करने का यह एक अवसर था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जोकोविच के बाद सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी

**डलास, वार्ता।** नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है।

### झारेड हैक डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में आधी बढ़त पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमेरिकी झारेड हैक लगातार दूसरे दिन बोगी-फी रहे और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेली जा रही 1-5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आधी बढ़त पर पहुंच गए। झारेड हैक (64-63), जो पिछले हफ्ते नया रायपुर में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीजन-ओपनर में अपनी जीत के बाद फ्रेश थे, बुधवार को फिजिकली अच्छी शेप में नहीं थे, लेकिन फिर भी अपने पहले राउंड के 64 के स्कोर के बाद दूसरे दिन और भी बेहतर सात-अंडर 63 के साथ अपना टोटल 13-अंडर 127 कर लिया और इस तरह रात भर की अपनी टाई की हुई तीसरी पोजीशन से दो स्पॉट ऊपर आ गए। हनी बैसोया (63-65), जो पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ में तीसरे नंबर पर थे, ने दिल्ली में भी अपना जलवा जारी रखा और दूसरे राउंड में 65 का स्कोर करके अपनी दूसरी पोजिशन बनाए रखी।

# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया



- द. अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया

**अहमदाबाद, वार्ता।** रहमानुल्लाह गुरबाज की बीच में बल्ले से कई धमाकेदार पारी बेकार गई, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अहमदाबाद में दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया। यह मुकाबला, जिसमें पेंडुलम कई बार किसी भी दिशा में घूमा, जिसके खत्म होने का कई बार वादा किया गया था, आखिरकार दूसरे सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर तय हुआ। मैच आखिरी ओवर की पहली गेंद पर ही खत्म हो सकता था, जब कगिसो रबाडा ने नूर अहमद को कवर पर कैच कराया। लेकिन पेसर ने ओवरस्टेप कर दिया था। यह अफगानिस्तान के लिए राहत की बात थी, जो आखिरी ओवर में सिर्फ एक विकेट के साथ 13 रन का पीछा कर रहा था। यह पहले सुपर ओवर की आखिरी बॉल पर भी खत्म हो सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और 18 रन का पीछा कर रहे थे, ट्रिस्टन स्टब्स - जिन्होंने तब तक कोई बॉल नहीं खेली थी - ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सीधा छक्का जड़ दिया। एक बार फिर, दूसरे सुपर ओवर में चार बॉल बाकी रहते हुए, मैच का फैसला हो गया लग रहा था। जीत के लिए 24 रन का पीछा करते हुए, अफगानिस्तान पहली दो बॉल पर रन नहीं बना सका - और मोहम्मद नबी का विकेट भी गंवा दिया। साउथ अफ्रीका को बस एक डॉट बॉल की जरूरत थी। लेकिन यह खत्म नहीं हुआ। गुरबाज, जिन्होंने पहले 42 बॉल में 84 रन बनाए थे और अफगानिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की थी, ने तीन बॉल पर तीन छक्के मारे और आखिरी बॉल पर 6 रन की जरूरत को कम करके मैच अपने नाम कर लिया। महाराज, गुरबाज के हिटिंग आर्क से दूर जाने की कोशिश में, वाइड बॉल फेंक बैठे, जिससे एक और चांस बन गया कि मुकाबला इतना बराबरी का होगा कि आखिर में टाई हो जाएगा, और यह तीसरे सुपर ओवर में जाएगा। महाराज ने आखिरी गेंद गुरबाज के आर्क से दूर भेजी, जिसने उसे पॉइंट पर डेविड मिलर के हाथों में मार दिया। अब पीछे मुड़कर देखने पर अ फगानिस्तान को कई फैसलों का पछतावा हो सकता है। सबसे पहले, सुपर ओवर में राशिद खान को बॉलिग न करने का फैसला। दूसरा वाला, खासकर, उनके लिए बहुत महंगा साबित हुआ क्योंकि अजमतुल्लाह उमरजई दबाव में अपनी लेंथ मिस कर गए, और मिलर और स्टब्स दोनों ने उन्हें सही सजा दी। और फिर, एक बड़ा काम हाथ में होने पर, नबी आखिरी सुपर ओवर में पारी की शुरुआत करने उतरे, यह फैसला महंगा साबित हुआ। फिर भी, अ फगानिस्तान ने मुकाबले को जितना गहरा खींचा, वह अपने आप में तारी फ के काबिल है।

# मार्श के चोटिल होने पर स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया ने कवर के तौर पर बुलाया



- मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टी 20 वर्ल्ड कप टीम में कवर के तौर पर बुलाया गया है, क्योंकि कप्तान मिशेल मार्श आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से बाहर हो गए थे।

मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी, जिससे टेस्टिकुलर ब्लीडिग हुई है। मार्श ने मंगलवार को तय समय पर मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लेकिन कोलंबो में टॉस से ठीक 15 मिनट पहले उनके मैच से बाहर होने की खबर आई। सीएके एक बयान में कहा गया कि उन्हें (मार्श) लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है, जिससे उनका मूवमेंट रुक रहा है।स्कैन से टेस्टिकल में अंदरूनी ब्लीडिग की पुष्टि हुई है, और उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए कुछ समय की जरूरत होगी। उनकी वापसी लक्षणों के ठीक होने और मेडिकल सलाह से तय होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीवन स्मिथ जरूरत पड़ने पर श्रीलंका जाकर मौसम के हिसाब से ढलने और तैयारी करने के लिए कवर के तौर पर जाएंगे। मार्श के न होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया असल में अपने शुरुआती मैच के लिए सि र्फ 12 खिलाड़ियों में से चुन रहा है, जोश हेजलवुड को अभी तक टीम में ऑफिशियली रिप्लेस नहीं किया गया है और टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण शुक्रवार को जम्बिाब्वे के मैच के लिए रोक दिया गया है, जिससे उनका बीबीएल खत्म हो गया था। सीन एबॉट हैं, लेकिन एक ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर और अभी तक टीम का ऑफिशियल हिस्सा नहीं हैं।

# हसरंगा के बिना खेलने उतरेगा श्रीलंका



- वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 विशव कप से बाहर हो गए

**पल्लेकेले, वार्ता।** श्रीलंका का कैंपेन शहर बदल रहा है, लेकिन ऐसा शक के घेरे में है। वानिदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं, जो को-होस्ट के लिए एक बड़ा झटका है, ठीक वैसे समय में जब टूर्नामेंट आकार लेना शुरू कर रहा है। इस इंजरी से उनके बॉलिंग प्लान और ऑन-फील्ड प्रेजेंस में एक साफ कमी रह गई है। ओमान के खिलाफ पहला टेस्ट कागज पर शायद सबसे मुश्किल न लगे, लेकिन फोकस इस बात पर होगा कि श्रीलंका का अटैक अपने लीड स्पिनर के बिना कैसे जवाब देता है। यह पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का पहला गेम होगा, जो सुबह शुरू होगा। कोलंबो से शिफ्ट होने के कारण कंडीशन अलग हैं, लेकिन स्पिन फिर से हावी होने वाली है, क्योंकि यहां पेसर्स की तुलना में स्लोअर बॉलर्स को ज्यादा सफलता मिली है। इससे महेश थीक्षाना और श्रीलंका के दूसरे स्लो-बॉलिग रिसोर्सेज पर ज्यादा जम्मिेदारी आ जाती है, खासकर जब उनका स्टार स्पिनर नहीं है। श्रीलंका आयरलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती गेम में बल्ले से भी अच्छा नहीं खेल पाई थी। बीच के ओवरों में वे बुरी तरह हार गए, 7वें और 15वें ओवर के बीच एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाए, इससे पहले कामिडू मेंडिस ने उन्हें अच्छा फिनिश दिया। वे उम्मीद कर रहे होंगे कि टॉप ऑर्डर ज्यादा इंटेंट दिखाए और अपनी रिदम पाए, क्योंकि इसके बाद मुश्किल काम आने वाले हैं। ओमान के लिए, यह कई तरह से अंजान जगह है। यह श्रीलंका के खिलाफ उनका पहला टी-20 मैच होगा। हालात के हिसाब से जल्दी ढलना और बैटिग में बेहतर मैनेजमेंट जरूरी होगा। वे जम्बिाब्वे से करारी हार के बाद आए हैं। पेस और बाउंस के सामने वे जल्दबाजी में गलतियां कर बैठे और 103 रन पर आउट हो गए। अगर उन्हें मेजबान टीम को चुनौती देनी है तो उन्हें बेहतर बैटिग प्रदर्शन की जरूरत है।

**श्रीलंकाः** हसरंगा की गैरमौजूदगी में बॉलिग कॉम्बिनेशन में बदलाव करना होगा। लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को उनकी जगह लिया गया है और वह तुरंत टीम में आ सकते हैं।

**संभावित इलेवनः** पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल (विकेट कीपर), पवन रथनायके, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका (कप्तान), दुनिथ वेल्लालेज, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, महेश थीक्षाना, मथीशा।

# वानखेड़े प्रकरण लेकर भारतीय बल्लेबाज ज्यादा नहीं सोचें



- संजय बांगर ने नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया, लेकिन अपनी बैटिग इनिग्स के दौरान एक समय वे मुश्किल में थे। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट्स संजय बांगर और पीयूष चावला ने बैटर्स के लिए सीख और नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए। संजय बांगर ने कहा कि अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद भारतीय बैट्समैन को अपने अप्रोच के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारतीय बैट्समैन कोअमेरिका के खिलाफ वानखेड़े में जो हुआ, उसके बारे में ज्यादा सोचना चाहिए, क्योंकि आजकल टी-20 क्रिकेट में यह भारतीय बैटिग लाइन-अप जिस अप्रोच से खेलता है, वह जाहिर तौर पर रिस्क से भरा है। ऐसे दिनों में, जब कुछ विकेट गिर जाते हैं, और आप फिर भी जोरदार खेलना चाहते हैं, तो आप क्लस्टर में विकेट खो देते हैं। अगर कोई एक सीख है, तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा हो जाएं, लेकिन अपने अप्रोच पर ज्यादा शक न करें, क्योंकि उस निडर स्टाइल ने आपको बहुत सफलता दिलाई है। अपनी काबि. लियत पर भरोसा करते रहें और उसी तरह खेलते रहें जैसे यह भारतीय बैटिंग यूनिट पिछले 18 महीनों में टी-20 क्रिकेट में खेलती आई है। वॉशिगटन सुंदर की बेहतर फिटनेस और प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर बांगर ने कहा कि यह बहुत अच्छी खबर है कि वॉशिगटन सुंदर टीम में शामिल होने जा रहे हैं, क्योंकि इंडियन मैनेजमेंट ने उनके साथ सब्र रखा है और उन्हें उनकी काबिलियत पर बहुत भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनके न होने के बावजूद उन्हें टीम में बनाए रखना दिखाता है कि वे एक जैसा टीम कॉम्बिनेशन बनाए रखना चाहते हैं। अगर, मान लीजिए, एक स्पिन-बॉलिग ऑलराउंडर की जरूरत होती है, तो वॉशिगटन सुंदर जरूर आ सकते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह दिल्ली में खेलेंगे। मुझे पक्का लगता है कि जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन में जगह बना लेंगे, और इन-फॉर्म मोहम्मद सिराज के बाहर रहने की संभावना है। बांगर ने भारत की बैटिग लाइन-अप पर कहा कि जब मैं इस इंडियन बैटिग लाइन-अप को देखता हूं, तो इसमें मैच्योरिटी के साथ-साथ निडरता का भी शानदार मिक्स है। अब, मैच्योरिटी के मामले में, आपके पास ऐसे प्लेयर्स हैं जो सिचुएशन की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट कर सकते हैं। तिलक वर्मा उसी तरह बैटिग करते हैं, जैसे सूर्या और हार्दिक करते हैं। इसलिए, अगर इंडिया फिर से खुद को ऐसी ही सिचुएशन में पाता है, तो इन तीनों में से किसी एक पर इनिग्स को थोड़ा संभालने की जम्मिेदारी हो सकती है, जबकि उनके आस-पास के बैट्समैन वैसे ही खेलते रहेंगे जैसे वे खेलते आ रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर टीम और बैटिग ग्रुप आगे बात कर सकते हैं। पीयूष चावला ने माना कि दिल्ली में ओस एक बहुत बड़ा फैक्टर होगी उन्होंने कहा,ष्ओस एक बड़ा फैक्टर होगी क्योंकि दिल्ली में इस समय मौसम थोड़ा ठंडा है, और यह निश्चित रूप से शाम के गेम्स में एक बड़ा रोल निभाती है। जो कैप्टन टॉस जीतेगा, वह शायद पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुनेगा, क्योंकि जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा।

# अल्लाह और उसके रसूल के रास्ते पर चलें: मौलाना हबीबुल्लाह

## मदरसा दारूल उलूम शब्बीरिया के प्रबन्धक मौलाना मुकर्रम ने पेश की वार्षिक रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना हबीबुल्लाह मदनी ने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलने में ही मुसलमानों की असल कामयाबी है।

क्षेत्र के गाँव हलगोया स्थित मशहूर मदरसा दारुल उलूम शब्बीरिया के सालाना इजलास में कुरआन हिफ्ज करने वाले तलबा की दस्तारबंदी की गई। खिताब करते हुए हजरत मौलाना हबीबुल्लाह मदनी ने कहा कि इस्लाम अमन का पैगाम देने वाला मजहब है।मुसलमानों को चाहिए कि अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलें।इसी में कामयाबी है। जामा मस्जिद सहारनपुर के प्रबंधक हजरत मौलाना फरीद मजाहिरी ने कहा कि अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम दिलाएं चाहे इसके लिए अपने दीगर खर्चों को कम करना पड़े।मौलाना तौकीर कासमी,मौलाना मुशर्रफ रशीदी ने कहा कि कुरआन में अल्लाह ने कामयाबी का रास्ता बता दिया है और पैगम्बरे इस्लाम ने अल्लाह की इबादत करना सिखा दिया है।इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। बेंगलौर से आए हजरत मौलाना अब्दुल रहीम खान ने कहा कि दीन पर चलना बहुत आसान है गुनाहों, बुरी आदतों से दूर रहना और अल्लाह राजी करना जरूरी है।





हजरत मुफ्ती आरिफ मजाहिरी, मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि ईमान वाले का अखलाक ये होना चाहिए कि उसकी तरफ से किसी को भी किसी तरह की तकलीफ नहीं पहुँचनी चाहिए। शाह टाइम्स के जिला प्रभारी व डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के संयोजक हाजी अबूबकर शिब्ली ने कहा कि जहालत के अंधेरों को दूर करके तालीम की रोशनी के रास्ते पर चलें। डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक पदों पर रहकर भी कौम की खिदमत की जा सकती है।उन्होंने कहा कि दीन और दुनियावी दोनों तालीम जरूरी हैं। कारी तनवीर ने कहा कि कुरआन अल्लाह की वो किताब है जिसे बच्चा भी हिफ्ज कर सकता है।वालिदैन को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाएं। मदरसा प्रबंधक हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने मदरसे की सालाना रिपोर्ट पेश की। मौलाना हबीबुल्लाह मदनी ने देश दुनिया में अमनो अमान के लिए दुआ कराई। तलसे की सदारत कारी शब्बीर व निजामत हजरत मौलाना नफीस असरार चतुर्वेदी ने की।

# खेल सप्ताह के दूसरे दिन बना रहा उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल सप्ताह के द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताएँ उत्साह, खेल भावना और जोश से भरी हुई रही। यह आयोजन विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से आयोजित किया गया।

द्वितीय दिवस के मुख्य आकर्षण रहे क्रिकेट, छात्रा वर्ग बैडमिंटन और छात्र वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिताएँ। क्रिकेट मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। खिलाड़ियों की टीम भावना, रणनीति और खेल कौशल को विशेष रूप से सराहा गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा वर्ग में सोनाली राजपूत (बीएएमएस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निकिता (पैरामेडिकल कॉलेज) ने दूसरा स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में भी मुकाबले रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे, जहां खिलाड़ियों की फुर्ती, संतुलन और तकनीकी दक्षता ने दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के कार्यकारी समिति के सदस्य जमीरुल इस्लाम, डॉ. शोभा त्रिपाठी, बिलाल अहमद, क्रिकेट फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सलमान, डॉ. जावेद, डॉ. राव शाहिद सहित कई अन्य सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता के एम्पायर के रूप में डॉ. मोहम्मद वाजिद खान और शहजाद आलम रहे, जबकि कमेंटेटर के रूप में अंकित, आनंद, मुस्तहाब चौधरी और असजद चौधरी ने अपनी भूमिका निभाई। छात्रा बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सना और रीना कुमारी, छात्र बैडमिंटन प्रतियोगिता के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर अनुराग और डॉ. इरशाद रहे।



छात्र प्रतिनिधि सिद्धार्थ के साथ-साथ खेल प्रतिनिधि सयान शाहिदी और मोहम्मद अफजल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षकगण, अधिकारीगण और छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित थे। समग्र आयोजन ने अनुशासन, ऊर्जा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया। यह खेल सप्ताह विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में अहम योगदान साबित हुआ है।

# फतेहपुर पुलिस ने पकड़े 3 वारंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए तीन वारंटी अभियुक्तों को अलग-अलग कार्रवाइयों में दबोच लिया है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम ने आबकारी अधिनियम और चोरी से जुड़े मामलों में फरार चल रहे अपराधियों पर नकेल कसी है पहली कार्रवाई में दो अभियुक्तों को आबकारी अधिनियम के मामलों में गिरफ्तार किया गया अभियुक्त सलमान पुत्र दिलशाद, निवासी मुजफ्फरी, थाना फतेहपुर को मुअसं 119/21 (वाद संख्या 5422/23), धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया वहीं दूसरा अभियुक्त आशु पुत्र अरविन्द कुमार निवासी मलायन थाना फतेहपुर को मुअसं 604/20 (वाद संख्या 1382/25), धारा 60 आबकारी अधिनियम के मामले में पकड़ा गया दोनों मामले चालानी थाना फतेहपुर से जुड़े हैं और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के न्यायालय में लंबित हैं।

इस ऑपरेशन में उपनिरीक्षक बबलू कुमार और कांस्टेबल धनुज कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दूसरी कार्रवाई में चोरी के गंभीर मामले में वांछित नीरज चाणक्य पुत्र कुशलपाल, निवासी बुड्ढाखेडा पुण्डीर, थाना फतेहपुर को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया। यह अभियुक्त मुअसं 216/23 (वाद संख्या 7167/24) के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 379/411 के मामले में फरार था। मामला चालानी थाना कोतवाली नगर से संबंधित है और श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के न्यायालय में विचाराधीन है।

# गौकश दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी के मुकदमे में वांछित मुख्य आरोपी को घायलावस्था में करने में सफलता हासिल कर ली।

देर रात्रि थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक बलबीर सिंह व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में अम्बाला रोड बाहूपुर पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस द्वारा एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रूकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल व्यक्ति पुलिस पर फायरिंग करता हुआ फरार होने लगा।

# सम्भागीय खादय नियंत्रक ने की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सम्भागीय खादय नियंत्रक ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत आगामी गेहूँ खरीद की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग कर क्रय व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में अवगत कराया गया कि इस वर्ष सहारनपुर जनपद में 80, मुजफ्फरनगर में 32 तथा शामली में 26 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तीनों जनपदों में गत वर्ष के समान ही क्रय केन्द्रों को स्वीकृति दिलाई जाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण की जाएँ। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूँ क्रय योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक कृषक योजना से जुड़कर पंजीकरण कराएं और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित रूप से प्राप्त हो सके। साथ ही क्रय केन्द्रों पर पारदर्शिता, सुचारु संचालन एवं किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।



बैठक में खरीद प्रक्रिया को समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया।

# आईआईए उद्यमियों ने बताया उद्योग हितैषी बजट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए इसे विकासोन्मुखी और उद्योग हितैषी बजट बताया है।

चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने बताया कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र के लिए 5,041 करोड़ रुपये तथा 30,000 नए रोजगार सृजन का लक्ष्य पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एवं इंडस्ट्रियल जोन के लिए 575 करोड़ रुपये का प्रस्ताव औद्योगिक आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना ने कहा कि बजट में एमएसएमई के तकनीकी उन्नयन, उत्पादन क्षमता विस्तार और आधुनिक मशीनरी अपनाने के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. धवन ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रति वर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य प्रदेश में स्वरोजगार को नई गति देगा।



पूर्व चैप्टर चेयरमैन अशोक गांधी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद के बाद एक जनपद एक व्यंजन योजना के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराने का निर्णय सूक्ष्म उद्यमियों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा ने बताया कि बजट में कृषि क्षेत्र में आय वृद्धि, सिंचाई विस्तार और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज. कुमार अरोड़ा, संजय कपूर, विनय दहूजा, विकास मलिक, रक्षिता पंडित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चार वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस द्वारा अदालत के आदेश पर अलग अलग मामलों के 04 वारण्टीयों को गिरफ्तार किया गया।

एसएसपी अभिनन्दन सिंह के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण हेतु वारण्टी एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत एसपी सिटी व्योम बिंदल व सीओ सदर मुनीश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने 04 वारण्टी पाल सिंह पुत्र बल्लू निवासी ग्राम भोजपुर गूर्जर, राजेश उर्फ बुद्ध पुत्र केवल कुमार निवासी ग्राम मरोडगढ, पाल्ला पुत्र फुल्लु निवासी ग्राम घाटहेडा थाना चिलकाना व रविन्द्र पुत्र हरपाल निवासी ग्राम टापू माजरी थाना बूडिया जिला यमुनानगर हरियाणा को इन सभी के मकानो से गिरफ्तार किया है।

# मोनिका की अंग्रेजी पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर की कवित्री एवं लेखिका मोनिका अरोड़ा की नई अंग्रेजी पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में साहित्य, सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ मौजूद रहीं। इस अवसर पर बीजेपी के तालुका नगर उपाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार एवं गोविंद पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही साहित्य सूत्र के फाउंडर रितेश, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सतेंद्र शुक्ला, विनीत शुक्ला, धीरज चौहान, मनीष, सिल्फ, सौरभ दुबे सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पुस्तक का औपचारिक विमोचन किया गया और लेखिका की साहित्यिक यात्रा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि मोनिका अरोड़ा की इससे पहले प्रकाशित पुस्तक "प्रेम से प्रेम तक" पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय रही और बेस्टसेलर का दर्जा हासिल कर चुकी है। उनकी नई पुस्तक "जीम डववद 'दक प्जौ बंते" अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है, जिसे हर आयु वर्ग के पाठक सहज रूप से पढ़ और समझ सकते हैं।



इस अवसर पर साहित्य प्रेमियों ने लेखिका के कार्यों की सराहना की और उनके आगामी साहित्यिक योगदान के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में कविता पाठ, साहित्यिक चर्चा और संवाद का भी आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को साहित्यिक ऊर्जा से भर दिया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया पुरस्कृत



**गंगोह।** विश्वामित्र इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं को शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए।

विद्यालय की सचिव पूनम शर्मा व प्रधानाचार्या जया कंडवाल ने विद्यार्थियों को शोभित विश्वविद्यालय से लाए गए मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सचिव ने कहा खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्यक्रम में पीटीआई अजाद शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंजिता, पूनम, सिमरन, जूली, साक्षी, बीनू, सलोनी, कोमल आदि मौजूद रहे।

# अंजुम से मिलेगी रालोद को मजबूती: शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बीना रानी के साथ नवमनोनीत महिला जिलाध्यक्ष अंजुम त्यागी को मनोनयन पत्र सौंपा।

दिल्ली रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने अंजुम त्यागी को बधाई देते हुए कहा कि किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करें एवं जयंत चौधरी द्वारा उनके मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता को लाभान्वित करने का काम करें। श्रीमती बीना रानी ने कहा कि अंजुम त्यागी के महिला जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को जनपद में मजबूती मिलेगी।



इस अवसर पर प्रदेश महासचिव चौ.धीरसिंह, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा वरिष्ठ नेता चौधरी अर्जुन सिंह ठाकुर रजनीश चौहान युवा जिला अध्यक्ष चौधरी शिवकुमार गुर्जर, श्रीमती निर्मला, सीमा देवी, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद सिंह ठाकुर प्रमोद प्रधान, विशाल कंबोज शाह नजर त्यागी मोहम्मद हारिस प्रवेश कश्यप शहजाद मलिक रेखा चौहान निर्मला रीतू जीनत अबीबा मुर्शीद महमूदा मोहम्मद इमरान आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्नपूर्णा त्यागी सम्मानित

**गंगोह।** दिव्य पब्लिक स्कूल में देश के प्रतिष्ठित बनारस के हिन्दू विश्वविद्यालय में परास्नातक में स्वर्ण पदक अर्जित करने वाली कु.अन्नपूर्णा त्यागी को सम्मानित किया गया।



स्कूल प्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि नकुड़ ब्लाक के गांव अघ्याना की बेटी कु. अन्नपूर्णा त्यागी ने परास्नातक में स्वर्ण पदक हासिल किया है। जिससे अन्नपूर्णा त्यागी व उनकी माता नमिता त्यागी व पिता हरिओम त्यागी को भी विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। अन्नपूर्णा त्यागी ने प्रबंधक व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम निरंतर प्रयास करते रहें तो असफलता के बाद सफलता मिलना निश्चित है। उन्होंने विद्यार्थियों को भी संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़ी सफलता का परिणाम बनते हैं। दृढ़ निश्चय, अनुशासन और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मनजीत, आजम, सुमित, मोनिका, रीना, तन्नू ,बेबी, साक्षी, अदिति, कविता, दीपा, मोहित, कुलदीप, नीतू, अंजलि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर संसाधन केंद्र नुमाइश कैंप में तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कु कोमल एवं जिला समन्वयक विकास सैनी के द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों व किशोरों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना, उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न शैक्षणिक सत्र, समूह गतिविधियाँ, व्यवहारिक कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए गए। जिला स्तर पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के रूप में डाइट प्रवक्ता महेंद्र अधिकारी, श्रीमती आरती, एवं राकेश के साथ संदीप कुमार, डॉ गोपाल शर्मा ने भी विचार रखे।




कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता विकास सैनी और खंड शिक्षा अधिकारी नगर योगेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से करने के लिए प्रेरित किया।

अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।

# वरिष्ठ नागरिकों ने की बजट की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक के. एल. अरोड़ा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक रूप से देखा एवं उस पर विस्तृत चर्चा की।

के. एल. अरोड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र विकास, सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रावधानों से समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को लाभ मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों ने आशा व्यक्त की कि सरकार द्वारा घोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन को वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर संस्था के महासचिव अनिल तलूजा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, संरक्षक आर. के. जैन, यशपाल मलिक, अजय अत्री, मूलचंद आनंद, कालीचरण वर्मा, सतीश शर्मा, राकेश शर्मा, अरूण सूरी, प्रेम प्रकाश शर्मा, जुशील कुमार, आर. पी. शर्मा, संदीप गोयल आदि ने भी बजट की सराहना की।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रेड पर रार

बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने आम बजट और वित्त मंत्रालय की ओर से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र किया, उनका कहना था कि इसमें उन्हें मुख्य रूप से दो बिन्दु दिखाई दिए, पहला बिन्दू बताता है कि हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि अमेरिका को आज रूस व चीन से बड़ी चुनौती मिल रही है। जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल का यह भी कहना था कि आज हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने रूस और इरान का उदाहरण दिया और याद दिलाया कि पीएम और एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका है, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है और इरान में संघर्ष हो रहा है। यानि में स्थिरता से अस्थिरता की ओर जा रहे हैं। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसाकि मेरे कुछ दोस्त समझते हैं। इस तरह हम दो सुपर या कई सुपर पॉवर वाले दौर में जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी ट्रेड पर भी खुलकर बात की। ट्रेड को लेकर अभी मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका की तरफ से नई-नई बातें सामने आ रही हैं, जो कई बार भारत को भी असहज करती हैं। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी फैक्ट शीट में फिर बदलाव किए हैं और पहले जिन बातों का साफ जिक्र था अब उन्हें हटा दिया गया है या उसकी भाषा बदल दी गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत-अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा जिसमें दाल भी शामिल थी, अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा दिया गया है। इसी तरह 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदल गई है। पहले लिखा था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटिड है, अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर लिया गया है। भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे इस पर निगरानी के लिए ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री व वित्त मंत्री शामिल हैं। अगर इनको लगता है कि भारत ने रूस से तेल का दोबारा इम्पोर्ट शुरू कर दिया है तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प से दोबारा 25 फीसदी पैनल्टी लगाने के लिए कह सकते हैं। राहुल गांधी भी सरकार को ट्रेड पर घेर रहे हैं और उनकी नजर में भारत डॉलर को चुनौती देने के बजाए उसको मजबूती देने में लगा हुआ है।

## अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हम



हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है, यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है, उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं, दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है, हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है, यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था, तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं, हम सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# मन के विकार के निदान में उदासीनता





**पंकज चतुर्वेदी**

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बदता दवाब, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं जैसे पृष खड़े हैं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद , बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। कहने की जरूरत नहीं कि जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फाइल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में19।73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4. 57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं । बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13 से 17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकारी की सन 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती हैं कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रहीं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव के साथ -साथ प्रदूषण, ट्राफिक जाम , आर्थिक असमानता जैसे कारण तेजी से मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं। बात अकेले राजधानी की नहीं हैं , देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक धीयन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याददाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं , साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बताया दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढ़ीले होनाय इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही है। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर आते नहीं हैं, जब मर्ज बढ़ जाता है तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसे हास्यास्पद कहें या शर्म कि जय विज्ञान के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है । सामान्य डाक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मौलवी, तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। वैसे भारत में सन 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है, जबकि देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है यानी एक लाख पर एक से भी कम औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं। यह रोग भयावह है और इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है जोकि खर्चीला भी है। इसके बावजूद कोई भी स्वास्थ्य बीमा योजना में इसे शामिल नहीं किया गया। 15 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट से बीमा नियामक संस्था से यह पूछा भी है कि मानसिक रोग को बीमा सुविधा क्यों नहीं है। उधर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल उपेक्षित हैं। हालांकि इस साल के बजट में इस दिशा में बहुत ध्यान दिया गया है । देश भर में 24 इनटू 7 परामर्श सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) मद में 51.14 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा निम्हान्स बेंगलुरु को अनुसंधान, प्रशिक्षण और देखभाल के मद में पिछले वर्षों से लगभग दोगुना 917.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर: 69.32 करोड़ रुपये, क्षेत्रीय मनोरोग सेवाओं की सहायता। जहां एक ओर मर्ज बढ़ता जा रहा है, वहीं हमारे देश के मानसिक रोग अस्पताल सौ साल पुराने पागलखाने के खौफनाक रूप से ही जाने जाते हैं। यह जर्जर, डरावनी और संदिग्ध इमारतें मानसिक रोगियों की यंत्रणाओं, उनके प्रति समाज के उपेक्षित रवैये और सरकारी उदासीनता की मूक गवाह हैं। तभी सन 2017 में 10,246 और सन 2018 में 10,134 मानसिक रोगियों ने आत्महत्या कर ली थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानता रहा है कि देश भर के पागलखानों की हालत बदतर है। इसे सुधारने के लिए कुछ साल पहले बंगलौर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ और चेतना विज्ञान संस्थान (निमहान्स) मे एक परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके किसी सकारात्मक परिणाम की जानकारी नहीं है। यह परियोजना भी नाकाफी संसाधनों का रोना रोते हुए फाइलों में ठंडी हो गई। हमारे देश की सवा अरब को पार कर गई आबादी के लिए केवल 43 सरकारी मानसिक रोग अस्पताल हैं, इनमें से मनोवैज्ञानिक इलाज की व्यवस्था महज तीन जगह ही है। इन अस्पतालों में 21,000 बिस्तर हैं जो जरूरत का एक फीसदी भी नहीं है। यहां तक कि जरूरत की पचास फीसदी नर्स भी उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम की एक रिपोर्ट भी इस बात का प्रमाण है कि ऐसे रोगियों की बड़ी संख्या इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। सरकारी अस्पतालों के नारकीय माहौल में जाना उनकी मजबूरी होता है । आज भी अधिकांश मानसिक रोगी बगैर इलाज के अपने हाल में अमानवीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नई मच्छरदानी दोहरी सुरक्षा देगी

**वैसे कुछ वर्ष पूर्व भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है। वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था।**



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए कीटनाशक मिश्रण से उपचारित मच्छरदानी के उपयोग का अनुमोदन किया है। इस नई मच्छरदानी में ऐसे दो रसायनों का उपयोग किया गया है जो मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। जल्द ही यह उपचारित मच्छरदानी उप सहारा अफ्रीका में व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएगी जहां पिछले वर्ष मलेरिया से 6 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का डबल फायदा है।

इसके अंदर सोता व्यक्ति तो सुरक्षित रहता ही है, इस पर बैठने वाले मच्छरों का भी खात्मा हो जाता है। 2000 से 2015 के बीच मलेरिया के प्रकोप में 40 प्रतिशत गिरावट का श्रेय उपचारित मच्छरदानियों को जाता है, लेकिन मच्छर इनमें प्रयुक्त पाएरेथ्रॉइड नामक कीटनाशक के प्रतिरोधी हो चले थे। नई अनुमोदित मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ क्लोरफेनापिर का उपयोग किया गया है। क्लोरफेनापिर मच्छरों के माइटोकॉन्ड्रिया को निशाना बनाता है जिसके चलते मांसपेशियों में मरोड़ पैदा होती है और मच्छर हिलडुल या उड़ नहीं पाते हैं।

वैसे पिछले वर्ष भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।

वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था। गौरतलब है कि क्लोरफेनापिर का उपयोग सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 2001 में गैर खाद्य फसलों के लिए ग्रीन हाउसों में किया गया था। पक्षियों और जलीय जीवों में विषाक्तता के कारण खेतों पर इसके छिड़काव पर प्रतिबंध है। चूंकि इस मच्छरदानी का उपयोग घर के अंदर किया जा रहा है और व्यापक पर्यावरण से इसका सीमित संपर्क है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से इसे सुरक्षित माना जा रहा है।

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि देर सबेर मच्छरों में क्लोरफेनापिर के खिलाफ भी प्रतिरोध उभरना तय है। इसलिए प्रतिरोध पैदा होने की रफ्तार को धीमा करने की तकनीकें विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए नई मच्छरदानियों के साथ-साथ घरों में अंदर कीटनाशक छिड़काव या कुछ वर्षों के लिए पाइरेथ्रॉइड पीबीओ मच्छरदानियों का उपयोग भी करते रहना ठीक होगा।

# दो पिता की संतान, पुरुष भी पैदा कर सकेगा अपनी जैविक संतान!

हिन्दी फिल्मों में एक बाप की औलाद की बात कई मर्तबा की जाती है और माना जाता है कि वही सच्ची औलाद होती है। लेकिन यहां बात उस संवाद के संदर्भ में नहीं बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा नर की कोशिकाओं से अंडे के निर्माण की हो रही है। लंदन में हाल ही में सम्पन्न तृतीय अंतर्राष्ट्रीय मानव जीनोम संपादन सम्मेलन में यह जानकारी दी गई कि शोधकर्ताओं ने नर चूहों की कोशिकाओं से अंडे बना लिए और जब उन्हें निषेचित करके मादा चूहे के गर्भाशय में रखा गया तो उनसे स्वस्थ संतान पैदा हुई और वे स्वयं संतानोत्पत्ति में सक्षम थीं। यह करामात करने के लिए शोधकर्ता बरसों से प्रयास कर रहे थे। मसलन, 2018 में एक टीम ने खबर दी थी कि उन्होंने शुक्राणु या अंडाणु से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं से पिल्ले पैदा किए थे जिनके दो पिता या दो माएं थीं।

दो मांओं वाले पिल्ले तो वयस्क अवस्था तक जीवित रहे और प्रजननक्षम थे लेकिन दो पिता वाले पिल्ले कुछ ही दिन जीवित रहे थे। फिर 2020 में कात्सुहिको हयाशी ने बताया था कि किसी कोशिका को प्रयोगशाला के उपकरणों में परिपक्व अंडे में विकसित होने के लिए किस तरह के जेनेटिक परिवर्तनों की जरूरत होती है। इसी टीम ने 2021 में खबर दी कि वह चूहे के अंडाशय की परिस्थितियां निर्मित करके अंडे तैयार करने में सफल रही और इन अंडों ने प्रजननक्षम संतानें भी उत्पन्न कीं। अब हयाशी और उनके साथियों ने कोशिश शुरू कर दी कि वयस्क नर चूहे की कोशिकाओं से अंडे विकसित किए जाएं। उन्होंने इन कोशिकाओं को इस तरह परिवर्तित किया कि वे प्रेरित बहुसक्षम कोशिकाएं बन गईं। टीम ने इन कोशिकाओं को कल्चर में पनपने दिया जब तक कि उनमें से कुछ कोशिकाओं ने स्वत: अपना वाय गुणसूत्र गंवा नहीं दिया। जैसा कि सब जानते हैं नर चूहों की कोशिकाओं में सामान्यत: एक वाय और एक एक्स गुणसूत्र होता है। इन कोशिकाओं को रेवर्सीन नामक एक रसायन से उपचारित किया गया। यह रसायन कोशिका विभाजन के समय गुणसूत्रों के वितरण में त्रुटियों को बढ़ावा देता है। इसके बाद टीम ने वे कोशिकाएं ढूंढी जिनमें एक्स गुणसूत्र की दो प्रतिलिपियां थी, अर्थात गुणसूत्रों के लिहाज से वे मादा कोशिकाएं थीं। इसके बाद टीम ने प्रेरित बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं को वे जेनेटिक संकेत दिए जो अपरिपक्व अंडा बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जब अंडा बन गया तो उसका निषेचन शुक्राणु से करवाया गया और निषेचित अंडों को मादा चूहे के गर्भाशय में डाल दिया गया। हयाशी ने सम्मेलन में बताया कि इन निषेचित अंडों (भ्रूण) की जीवन दर बहुत कम रही - कुल 630 भ्रूण गर्भाशयों में डाले गए और उनमें से मात्र 7 का विकास पिल्लों के रूप में हो पाया। लेकिन ये 7 भलीभांति विकसित हुए और वयस्क होकर प्रजननक्षम रहे। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हयाशी का कहना है कि अभी इसे एक चिकित्सकीय तकनीक बनने में बहुत समय लगेगा क्योंकि मनुष्य और चूहों में बहुत फर्क होते हैं। अभी यह भी देखना बाकी है कि क्या मूल कोशिका में जो एपिजेनेटिक बदलाव किए गए थे वे नर कोशिका से बने अंडों में सुरक्षित रहते हैं या नहीं। और भी कई तकनीकी अड़चनें आएंगी। बहरहाल, यदि ये अड़चनें पार कर ली जाएं, तो यह तकनीक संतानहीनता की कुछ परिस्थितियों में कारगर हो सकती है। जैसे टर्नर सिंड्रोम के मामले में जहां स्त्री के दो में से एक एक्स गुणसूत्र नहीं होता या आधा-अधूरा होता है। जापान के होकाइडो विश्वविद्यालय के जैव-नैतिकताविद तेत्सुया इशी का कहना है कि यह तकनीक पुरुष (समलैंगिक विवाहित) दंपतियों को भी संतान पैदा करने का अवसर दे सकती है। हां, उन्हें सरोगेट गर्भाशय की जरूरत तो पड़ेगी। इसके अलावा, शायद सूदूर भविष्य में अकेला पुरुष भी अपनी जैविक संतान पैदा कर सकेगा। इस संदर्भ में सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार भी जरूरी होगा।

## सांप की कलाबाजियां



अगस्त 2019 में, कुछ शोधकर्ताओं को उत्तर-पश्चिम मलेशिया के एक विशाल चूना पत्थर पहाड़ के पास सड़क पार करता हुआ एक ड्वार्फ रीड सांप (स्यूडोरेब्डियन लॉन्गिसेप्स) दिखा। जैसे ही वे उसके पास गए तो पहले तो वह अपने बचाव के लिए हवा में ऊपर की ओर घूमा और फिर कुंडली की तरह गोल-गोल लपेटता हुआ नीचे आ गया। शोधकर्ताओं ने सांप को पकड़ लिया और उसे सड़क किनारे समतल जगह पर रख दिया। उसने यही बचाव करतब फिर कई बार दोहराया। ड्वार्फ रीड सांप दिखने में गहरे रंग का, बौना और संटी सरीखा पतला सा होता है।

यह निशाचर प्राणि है जो चट्टानों में छिप कर रहता है। शोधकर्ताओं ने इस सांप पर किए अपने अवलोकन को बायोट्रॉपिका में प्रकाशित किया है। सांपों में इस तरह की हरकत पहली बार देखी और दर्ज की गई है। हालांकि कई अन्य जानवर, जैसे पैंगोलिन और टेपुई मेंढक, भी इस तरह कुलांचे भर सकते हैं, लेकिन सरिसृपों की बात तो दूर, स्तनधारियों में भी शरीर को मरोड़ना (या बल देना) इतनी आम बात नहीं है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सांप खतरे से जल्दी दूर भागने के लिए ऐसा करता है। उसका यह व्यवहार उसके शत्रुओं को भ्रमित भी कर सकता है और क्योंकि उसकी यह कलाबाजी रेंगकर चलने की तुलना में उसके शरीर को जमीन से कम संपर्क में रखती है तो उसे सूंघ कर हमला करने वाले शिकारी भटक जाएंगे।

# अमेरिका ने हमे टायलेट पेपर की तरह फेंका: ख्वाजा आसिफ

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल किया, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे



■ आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टायलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं।

इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है। आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं। उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवम्बर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने। यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए।



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर की अरु घाटी में 'हिम उत्सव' के दौरान कपड़ों का स्टॉल लगाते विक्रेता।

## राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

**आगरा।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गई थी और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हुई

**फिलीपींस।** फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीजी ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 52 हो गई है। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं।

### वशिष्ठ अनूप ने दुबई और शारजाह में फहराया हिन्दी ग़ज़ल का परचम

**वाराणसी।** लोकप्रिय ग़ज़लकार तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय काव्य समारोह 'द पोएटिक हार्ट' के 15वें संस्करण में हिन्दी कविता का प्रतिनिधित्व किया। दुबई में आयोजित इस समारोह में ग्यारह विभिन्न भाषाओं के कवियों ने काव्यपाठ किया।

### कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बर्फबारी एवं बारिश

**श्रीनगर।** पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि गुलमर्ग केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में सबसे अधिक 22.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश भी दर्ज की गई। श्रीनगर में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के पहाड़ी रिसॉर्ट पहलगाम में 8.8 मिमी बारिश हुई।

# अमेरिका ने हटाया इंडियन मैप वाला पोस्ट

## नक्शे में पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, पाक-चीन से तनाव की अटकलें लगी थीं



■ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डाटेड लाइन्स से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी ट्रेड आफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

1 भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48 में पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध-पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन आफ कंट्रोल-एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत का दावा-भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान का दावा-पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए।

पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्मीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका के मैप शेयर करने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है।

## 'वायु शक्ति अभ्यास' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** पिछले वर्ष दुबई एयर शो में करतबबाजी के दौरान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए एक बार फिर आगामी अभ्यास 'वायु शक्ति 2026' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा। तेजस विमान की इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी। वायु सेना का यह व्यापक शक्ति प्रदर्शन 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण फायलरग रेंज में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस मार्क-1ए इस अभ्यास में हवाई ड्रिल और युद्ध प्रदर्शन में भाग लेगा।

# गुयाना के मंत्री ने हिंदी में दिया भाषण, वीडियो वायरल



■ विकाश रामकिसून ने विपक्ष को चुनौती दी, बोले: मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

**जार्जटाउन।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा कि मैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जार्जटाउन से एक्स पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। बनाया गया था। गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था।

## कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत, 25 घायल

■ आरसीएमपी ने कहा: संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया

**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है। आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

## ब्रिक्स, एससीओ आम सहमति से काम करते हैं: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ज्यादातर मामलों में सर्वसम्मति के आधार पर फैसले करते हैं, जबकि नाटो के फैसले अमेरिका पर निर्भर करते हैं। लावरोव ने रूस के एक यूट्यूब चैनल एमपाशिया मनुची प्रोजेक्ट के साथ बातचीत में कहा कि ज्यादातर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन किया जाता है। जब बात हमारे पश्चिमी साथियों की हो तब नहीं, बल्कि जब उन प्रतिनिधियों की होती है जिन्हें हम वैश्विक बहुमत कहते हैं, (जैसे) ब्रिक्स, एससीओ, और सोवियत के बाद वाले सीएसटीओ, ईएईयू, और सीआईएस। इन ढांचों में आम सहमति ज्यादातर बनी रहती है।

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई

## ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया, सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ अहम खुलासा



■ रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है

**वाशिंगटन।** ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लान्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी दिखती है। उन्होंने बताया कि फरवरी की शुरुआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइलें एम983 एमईएमटीटी ट्रकों पर लगी नजर आईं। उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर फरवरी की तस्वीर में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम ट्रकों पर तैनात नजर आ रहा है। कतर के अल-उदीद बेस पर 1 फरवरी की तस्वीरों में एक आरसी-135 रीकानिसेंस विमान, तीन सी-130 हरक्यूलिस, 18 केसी-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात सी-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो सी-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम एचईएमटीटी ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। फरवरी में सामने आई तस्वीरों में अमेरिका ने अल-उदीद बेस विमानों की संख्या भी बढ़ाई। जार्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 एफ-15ई स्ट्राइक विमान, 8 ए-10 थंडरबोल्ट, चार सी-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए। उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक सी-17, एक सी-130 और चार ईए-18जी ग्रोलर इलेक्ट्रानिक वारफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान बेस पर 2 फरवरी को एक सी-5 गैलेक्सी और एक सी-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसम्बर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो सी-130 जैसे दिख रहे थे।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

## बीएनपी उम्मीदवार को दे रहे कड़ी टक्कर, कल वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह



■ टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है, यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालगंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रमाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें। बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक जिस गोपालगंज-3 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं वहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू मतदाता हैं। बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र राय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई राय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है। बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार राय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। बरीसाल-5 सीट से डेमोक्रेटिक यूनाइटेड फ्रंट की डा. मोनिषा चक्रवर्ती चर्चा में हैं। बरीसाल-2 से गणो अधिकार परिषद के रंजीत कुमार बरोई चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी जीत की संभावना कम मानी जा रही है। पिरोजपुर में कोई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में नहीं है। जेसोर-4 से बीएमजेपी के सुकृति कुमार मंडल चुनाव लड़ रहे हैं।

